सभी अखबारों में विज्ञापन छपवाने के लिए सम्पर्क करें
PAAVAN ADVERTISER
9811288839, 9311288839

राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचारपत्र
# पावन संसार
सच का आगाज़
संस्थापक : श्री संतोष कुमार RNI No. DELHIN/2011/40220 Postal No. G-3/DL(N)/267/2024-26 Date of Publication:- 22-05-2025
E-mail : paavansansar@gmail.com | paavansansar@yahoo.com www.paavansansar.com

पावन संसार में विज्ञापन, समाचार आदि देने हेतु सम्पर्क करें!
पावन संसार
डी-4, सेफ्वे हाऊस, प्रथम मंजिल, डी-ब्लॉक, सैन्ट्रल मार्किट, प्रशांत विहार, दिल्ली-85
9311288839

वर्ष 14, अंक 40 नई दिल्ली, 22 से 28 मई 2025, संपादक - वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल - 09811288839, सह संपादक - आर.पी. चौहान - 9213513590, कुल पृष्ठ संख्या-8 ₹ 5










# प्रधान सतीश गुप्ता की अगुवाई में पीतमपुरा क्लब में नया पार्टी हॉल, जिम, लिफ्ट और कार्ड रूम सहित कई सुविधाओं का शुभारंभ, सदस्यों ने की सराहना









पीतमपुरा (अनिवाश गर्ग)। राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित पीतमपुरा क्लब में 18 मई 2025, रविवार को एक भव्य समारोह का आयोजन कर कई नई सेवाओं का उदघाटन किया गया। यह आयोजन क्लब के **यशस्वी, कर्मठ और दूरदर्शी प्रधान श्री सतीश गुप्ता** के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जो वर्ष 1992 से लगातार क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित होते आ रहे हैं। उनके तीन दशकों से अधिक लंबे नेतृत्व काल में क्लब ने अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं और लगातार प्रगति की दिशा में अग्रसर हुआ है।

इस समारोह का विशेष आकर्षण क्लब का नवसज्जित ग्राउंड फ्लोर पार्टी हॉल रहा, जिसे **सतीश गुप्ता जी** ने विशेष रुचि और परिश्रम से तैयार करवाया। यह हॉल अब और भी भव्य रूप में सामने आया है, जिसमें मीटिंग रूम, कार्ड रूम तथा नाश्ते और रूफटॉप पार्टी हॉल जैसी नई सुविधाएँ जोड़ी गई हैं। उपस्थित सदस्यों ने पार्टी हॉल की भव्यता और कार्यात्मकता की विशेष सराहना की।

इस अवसर पर क्लब में अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित नया जिम आरंभ किया गया है, जिससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक सदस्यों को व्यायाम की बेहतरीन सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही सदस्यों के मनोरंजन और मेलजोल को बढ़ावा देने के लिए क्लब में एक नया कार्ड रूम भी तैयार किया गया है।

क्लब में नई लिफ्ट भी स्थापित की गई है, जो वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी सदस्यों के लिए अत्यंत सुविधाजनक सिद्ध होगी। क्लब की छत पर भारी और मजबूत स्टेनलेस स्टील की जाली लगाई गई है, जिस पर चून्नी, टेंट और पुष्प सज्जा करने की समुचित व्यवस्था भी करवाई गई है। इससे अब विभिन्न आयोजनों में छत का अधिक सुंदर एवं प्रभावी उपयोग किया जा सकेगा।

इस भव्य कार्यक्रम मे क्लब की कार्यकारिणी के कई सदस्य तथा आम सदस्य उपस्थित रहे। सभी के लिए स्वादिष्ट नाश्ते और लंच की उत्तम व्यवस्था की गई थी। समारोह में उपस्थित सभी ने क्लब के इस रूपांतरण की मुक्त कंठ से सराहना की और **अध्यक्ष श्री सतीश गुप्ता तथा उनकी टीम** को हार्दिक बधाई दी।

क्लब के विकास के लिए वर्तमान कार्यकारिणी **अध्यक्ष– सतीश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष– अनिल गोसाई, उपाध्यक्ष– सुरेश कुमार गोयल (बबली), संयुक्त सचिव– मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष– केवल कृष्ण गांधी, कार्यकारी सदस्यगण– बी. भूषण वीरमानी, गुलशन कारा, हिमांशु सिंगल, जगदीप सिंह चड्ढा, जे.पी. अग्रवाल, कमल बेरीवाल, मुकेश गुप्ता, ओमप्रकाश हिंदुजा, प्रदीप कुमार अरोड़ा, सुधीर बेहरानी, विनोद बंसल, नामित सदस्यगण– सुंदर लाल मित्तल, सुशील कुमार गोयल आदि एंव अन्य मैम्बर** सभी का सहयोग, समर्पण प्रशंसनीय है।

यह उल्लेखनीय है कि **सतीश गुप्ता** के नेतृत्व में पीतमपुरा क्लब ने पिछले वर्षों में निरंतर विकास की नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। उनका समर्पण, प्रबंधन कौशल एवं सदस्यों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण क्लब की निरंतर सफलता का आधार बना हुआ है। क्लब का यह कायाकल्प इसी दूरदर्शिता और जनसरोकार की स्पष्ट मिसाल है।









# यूं करें घरेलू टोनर का इस्तेमाल




त्वचा की खूबसूरती हेतु जितना महत्त्व त्वचा की क्लीजिंग का है, उतना ही टोनिंग का भी है। टोनिंग हर प्रकार की त्वचा के लिए जरूरी होती है। क्लीजिंग के तुरंत बाद टोनिंग की जाती है ताकि त्वचा का पीएच संतुलन बना रह सके। टोनर का त्वचा पर नियमित प्रयोग करने से त्वचा नर्म,साफ और स्वस्थ रहती है। विशेषकर तैलीय त्वचा के लिए टोनिंग करना आवश्यक है इससे मुहांसे भी कम निकलते हैं। बाजार में टोनर आसानी से मिल जाते हैं पर एक्सपर्ट के अनुसार घरेलू टोनर का प्रयोग ज्यादा सुरक्षित और प्रभावशाली होता है।

**पुदीने से बनाएं टोनर** :– खुश्क त्वचा के लिए अति असरदार टोनर है। दो मुट्ठी पुदीने की पत्तियों को 100 मि.ली पानी में मिलाकर उबालें। जब उबल जाए तो इसे ठंडा करें। रूई की मदद से दिन में दो बार इसका प्रयोग त्वचा पर करें। बाकी पानी को फ्रिज में रखकर कई दिन तक प्रयोग में ला सकती हैं।

**शहद,नींबू और अंडे का टोनर** :– इस टोनर को बनाने के लिए एक अंडा अच्छी तरह से फेंटा हुआ, उसमें एक चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाएं। घोल तैयार होने पर साफ उंगलियों की सहायता से चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगाएं। आंखों और होंठों को बचा कर रखें। 10 मिनट तक लगाकर रखें फिर चेहरा और गर्दन धो लें। इस टोनर के प्रयोग से त्वचा में खिंचाव बना रहता है और त्वचा जवां रहती है।

**सफेद सिरके का प्रयोग करें टोनर के रूप में** :– सफेद सिरके का टोनर तैलीय त्वचा के लिए अच्छा होता है। 1–2 चम्मच सिरके में बराबर मात्राा में पानी डालें। इस मिश्रण में रूई के फाहे को भिगो दें फिर हल्का निचोड़ कर चेहरे पर दिन में दो बार लगाएं। जिनके चेहरे पर दिन में दो बार लगाएं। जिनके चेहरे पर मुंहासे हैं, वे भी इस घरेलू टोनर का प्रयोग कर सकती हैं।

**टमाटर और शहद से बना टोनर** :– टमाटर का छिलका उतारकर उसे अच्छे से मैश कर लें। उसमें शहद मिलाएं और अच्छी तरह हिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। उस पेस्ट को चेहरे पर 10–15 मिनट तक लगा रहने दें। उसके बाद पानी से चेहरा धो लें। यह टोनर भी तैलीय त्वचा वालों के लिए अच्छा है।

**खीरा व दही से बना टोनर** :– दही व खीरे से बने लेप का भी तैलीय त्वचा पर असरदार प्रभाव पड़ता है। एक खीरे को कद्दूकस कर उसमें आधा कप दही मिला लें। लेप को चेहरे पर लगाकर 7 से 10 मिनट छोड़ दें। उसके बाद उसे उतारकर चेहरा धो लें। बाकी बचे मिश्रण को फ्रिज में रख लें। पुनः इसका प्रयोग चार से पांच दिन तक कर सकते हैं।

सेब और शहद से बना टोनर :–

सेब को कद्दूकस कर लें। उसमें एक चम्मच शहद मिलाकर उस लेप को चेहरे व गर्दन पर लगा लें। 10 मिनट बाद इसे पोंछ कर चेहरा धो लें। त्वचा को साफ और निखरा हुआ बनाता है। इस टोनर को आप नियमित भी प्रयोग में ला सकते हैं।

**गुलाब जल एवं कपूर से बना टोनर** :– गुलाब जल की बोतल में चुटकी भर कपूर मिलाएं अच्छी तरह से हिलाएं। इस मिश्रण को टोनर की तरह त्वचा पर प्रयोग कर सकती हैं। दिन में दो बार इस टोनर का प्रयोग करने से त्वचा में निखार आता है।

**तेल एवं नमक से बना टोनर** :– अखरोट या तिल के तेल में 100 मि.ली. चम्मच नमक मिला लें। अगर तेल उपलब्ध न हो तो 100 मि.ली पानी में कुछ बूंदें नींबू के रस की और दो चम्मच नमक मिला कर हिला दें। इसे फ्रिज में रख कर कुछ दिनों तक प्रयोग में ला सकती हैं। फेसवाश से चेहरा धोने के बाद दिन में दो बार इस टोनर को लगाएं। त्वचा नर्म बनेगी।

– **सारिका**

# किचन गार्डन : लाभ उठाएं पूरा



घर चाहे अब चाहे छोटे होते जा रहे हैं, फिर भी लोगों का पौधे लगाने का शौक कम नहीं हुआ। पहले बड़े मकानों में आंगन के कुछ भाग को कुछ कच्चा रखा जाता था और मर्जी व जरूरत के अनुसार पौधे लगाए जाते थे। अब आंगन तो घरों में होता नहीं और शहरों में मल्टीस्टोरीड अपार्टमेंट बन गए हैं। फिर भी बालकनी या छत पर गमले रखकर लोग किचन गार्डनिंग का शौक पूरा कर लेते हैं। उन गमलों में पालक, पुदीना, धनिया, करीपत्ता, तुलसी, नींबू, मिर्च, टमाटर, प्याज लगा लेते हैं जिनका आवश्यकता होने पर प्रयोग किया जा सके।

**पौधों से मिलती हैं ताजा हर्ब** :– बालकनी में गमले रखकर तुलसी, करीपत्ता तो आसानी से लगाया जा सकता है। सभी जानते हैं तुलसी और करीपत्ता इतने उपयोगी हर्ब्स हैं जिन्हें जब भी आवश्यकता पड़े, तोड़कर प्रयोग में लाया जा सकता है। करीपत्ते का प्रयोग अक्सर लोग सब्जी में तड़का लगाने के लिए करते हैं। इससे सुगंध भी अच्छी आती है और सेहत के लिए भी लाभप्रद है। तुलसी दलों का तो खांसी जुकाम, बुखार होने पर विभिन्न तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है।

**बिन दवाइयों वाले सब्जी और साग** :– किचन गार्डन में आप बिना पेस्टिसाइडस वाली सब्जियां और साग प्राप्त कर सकते हैं। बाजार में तो हर फल सब्जी–साग कीटाणुनाशक दवा वाली ही मिलती है। घर पर उगी सब्जी, साग तो आप जानते है कि साफ पानी और साफ मिट्टी में पैदा की गई है।

**सस्ती पड़ती हैं घर की सब्जियां** :– अगर जगह अधिक है या छत पर खेती करने की पूरी जानकारी है तो आप जो सब्जियां घर पर लगाते हैं, वे सस्ती पड़ती हैं और बाजार भी जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

**हैल्थ के लिए भी लाभदायक** :– धनिया, पुदीना, करीपत्ता, तुलसी घर पर अधिक मात्राा में लगाएं ताकि इनका अधिक प्रयोग कर हम अपनी सेहत ठीक रख सकते हैं। बाहर से इन्हें लाने पर हम भूल भी जाते हैं और ताजे पत्ते भी प्राप्त नहीं हो सकते। घर पर होने के कारण आप इनका प्रयोग अधिक कर सकते हैं।

**कीड़े– मकौड़े से भी बचाव** :– अगर बालकनी खाली पड़ी रहेगी तो उसमें हम फालतू सामान रखते जाएंगे जो कीड़े मकौड़ों की जन्म स्थली बन जाएगा। अगर हम पौधे लगाएंगे तो उनकी सफाई भी होती रहेगी और तुलसी, गैंदे के पौधों पर कीड़े मकौड़े भी कम आएंगे। जगह का सही उपयोग भी हो जाएगा।

**समय का सदुपयोग**:– खाली समय में टीवी देखने या औरों के बारे में चर्चा करने से बेहतर आप्शन है गार्डनिंग करना। शुरू में माली की सहायता से गार्डनिंग करना सीखें फिर धीरे धीरे अपने शौक में इसे शामिल करें। संतुष्टि भी मिलेगी और समय का सही प्रयोग भी होगा और विचारों में सकारात्मकता भी बनी रहेगी।

– **सारिका**

# बेटी को आत्मनिर्भर बनाइए

प्रत्येक माता–पिता का यह नैतिक दायित्व होता है कि वे अपनी प्यारी–दुलारी बिटिया को उच्च शिक्षा दिलाएं ताकि वह कोई नौकरी अथवा व्यवसाय करके आत्मनिर्भर बन सके। इससे वह आर्थिक रूप से अपने पैरों पर खड़ी हो सकेगी। स्वयं को किसी से हीन न समझें। इस प्रकार उसे किसी के भी सामने हाथ फैलाने नहीं पड़ेंगे। उसकी परेशानी का सबसे बड़ा कारण समाप्त हो जाएगा।

यदि वह आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर नहीं रहेगी तो उसे दिन–प्रतिदिन अपमानित नहीं होना पड़ेगा। चाहे अपना जीवन साथी ही क्यों न हो, उससे भी धनराशि मांगने पड़ती है तो बहुत संकोच होता है। कई ऐसे पर्सनल खर्च होते हैं, जो हर महिला को करने पड़ते हैं और पति को जिन्हें बताना उसे गवारा नहीं होता। उसके लिए वह घर खर्च के लिए मिली राशि से कुछ बचत करती रहती है।

कई बार एक मां को अपने बच्चों की छोटी–छोटी जरूरतों को भी पूरा करना पड़ता है जो किसी हिसाब में नहीं आ पाते। यदि वह उन खर्चों की चर्चा पति से करती है तो घर में महाभारत हो जाती है। तब पति द्वारा उसे बच्चों को बिगाड़ने का ताना दिया जाएगा। कभी–कभार दोस्तों के साथ उसे कुछ धन व्यय करना पड़ जाता है। उसके पास धन होगा, तभी तो वह खर्च करेगी।

अपने घर से मांगेगी तो उसे भला–बुरा कहा जाएगा। उस पर फिजूलखर्ची करने का आरोप लगाया जाएगा। इससे भी बढ़कर यह कहा जाएगा कि घर के खर्चे पूरे नहीं होते तो उसके दोस्तों का खर्च कैसे उठाया जाए? यह एक घर की नहीं, सबकी कहानी है। पति अपने दोस्तों के साथ पैसा उड़ाए, व्यसनों में धन बर्बाद करे अथवा पैसे को कहीं भी खर्च करे, सब जायज है। उसे टोका जाए तो कहेगा मेरी कमाई है, मैं जो मर्जी करूँ पर पत्नी का जायज खर्च भी उसे नाजायज लगता है।

घर–गृहस्थी में भी कई ऐसे खर्च हो जाते हैं जो उसे मजबूरी में करने होते हैं। यह पैसा ही सारे फसाद या झगड़े की जड़ है। इसके चक्कर में मनुष्य जानवर तक बन जाता है। इस कारण आपस में मारपीट और खूनखराबा तक हो जाता है। कई बार घर में झगड़ा इतना बढ़ जाता है कि पति और पत्नी में अबोलापन होने लगता है। फिर बढ़ते बढ़ते अलगाव की स्थिति बन जाती है।

बेटी यदि पढ़–लिखकर आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर नहीं होगी तो उसे इन समस्याओं से दो–चार नहीं होना पड़ेगा। कई बेटियाँ ऐसी भी होती हैं जो अपने माता–पिता की खराब आर्थिक स्थिति के चलते छोटे भाई–बहनों की जिम्मेदारी ओटना चाहती हैं। इस दायित्व को तभी निभा सकती हैं, यदि उनके पास अपनी कमाई होगी। हालांकि इस कार्य के लिए भी बहुत से परिवार उसे ऐसा न करने के लिए बाध्य करते हैं।

कुछ बेटियाँ अपने ससुराल और अपने पति का विरोध सहन करके भी मायके की सहायता करती हैं। वृद्धावस्था में अपने माता–पिता के लिए सदा ही चिन्तित रहने वाली बेटियाँ उनका सहारा बनती हैं और उनकी देखभाल करती हैं।

हमारे पुरुष प्रधान समाज की यह त्रासदी है कि पति चाहे धन का उपयोग करे या दुरुपयोग कर उसे खुली छूट दे दी जाती है, इसे उसका हक माना जाता है, परन्तु यदि पत्नी अपनी इच्छा से कुछ भी खर्च दे तो वह कटघरे में खड़ी कर दी जाती है। उस पर दोषारोपण करके, उसे तिरस्कृत किया जाता है।

बेटी अपने घर में प्रसन्न रहती है, तो उसके माता–पिता सन्तुष्ट होते हैं अन्यथा बेटी के साथ उनका जीवन भी नरक बन जाता है। इन विकराल स्थितियों से अपनी बेटी को बचाने के लिए उसको स्वावलम्बी बनाना बहुत आवश्यक है। हर माता–पिता को इस विषय में सजग रहने की बहुत आवश्यकता है।

– चन्द्र प्रभा सूद

नार्थ दिल्ली प्रोपर्टी स्पेशल
Anil Aggarwal 9212071455 | Sunil Aggarwal 9818514932 | Amit Aggarwal 9212171455
ANIL AGGARWAL PROPERTIES
SALE ⬩ PURCHASE ⬩ COLLABORATION
⬩ KOTHIES ⬩ PLOTS ⬩ FLOORS
⬩ FLATS ⬩ OFFICES ⬩ SHOPS
DEALS IN : PRASHANT VIHAR - PITAMPURA - ROHINI
Office : B-373, Near PVR Cinema, Prashant Vihar, Delhi-85
Ph.:011-47091011 E-mail: anilaggarwalproperties@gmail.com

सभी अखबारों में विज्ञापन छपवाने के लिए सम्पर्क करें
☞ Matrimonial ☞ Property / To-let ☞ Education
☞ Situation Vacant ☞ Change of Name ☞ Lost
☞ Business ☞ Public Notice ☞ बेदखल सूचना
The Hindustan Times | नवभारत टाइम्स, हिन्दुस्तान
The Times of India | दैनिक जागरण, पंजाब केसरी
Indian Express | दैनिक भास्कर, संदेश, DLA
The Hindu | आज समाज, विराट वैभव
Statesman | राज ऐक्सप्रेस, जनसत्ता
Woman's Era | अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा
Tribune | गृहशोभा, गृहलक्ष्मी
Femina | सरिता, राजस्थान पत्रिका
PAAVAN ADVERTISER
D-4, Office No.3 & 4, Safeway House 1st Floor, Central Market, Prashant Vihar, Rohini (Opp. PVR) Delhi-85
E-mail:- paavanad@yahoo.com

V.K. Aggarwal
9311288839, 9811288839

# जनकपुरी स्थित रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का आरोप– जल बोर्ड पिला रहा है लोगों को सीवेज का पानी, सीपीसीबी को नए नमूने लेने के आदेश

# दो बहनों ने रची साजिश: सहेली के घर से 40 तोले सोने के गहनों पर किया हाथ साफ

**नई दिल्ली (सं.)।** मोती नगर क्षेत्र में सहेली के घर से दो बहनों ने साजिश कर 40 तोले सोने के गहने उड़ा लिए। एक आरोपी ने पीड़िता को मंदिर ले जाने के बहाने अपने साथ ले गई, जबकि दूसरी बहन पीड़िता के घर आकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने छानबीन के दौरान सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की पहचान कर दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से सारे गहने बरामद कर लिए हैं।

गिरफ्तार बहनों की पहचान रणजीत नगर निवासी करिश्मा और रोहिणी सेक्टर 18 निवासी शिप्रा के रूप में हुई है। करिश्मा तलाकशुदा है और अपने एक बच्चे के साथ रहती है। वहीं शिप्रा शादीशुदा है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि 18 मई को बसई दारापुर निवासी 45 साल की महिला ने अपने घर के अंदर एक बंद अलमारी में रखे सोने के गहने चोरी की शिकायत की।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि यहां वह अकेली रहती है और बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। उसने कुछ दिन पहले अपनी बहन के पास रखे अपने हिस्से के 40 तोले सोने के गहने लेकर आई थी। उसे वह अलमारी में रख दी थी। शिकायतकर्ता के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पास गहने होने की जानकारी उसके मकान मालिक और उसकी सहेली करिश्मा को थी। उसने बताया कि 17 मई को वह करिश्मा की बहन शिप्रा के साथ झंडेवालान मंदिर गई थी, जहां से रात आठ बजे वापस आई। अगली सुबह उसने अलमारी की जांच की तो उसने पाया कि उसके सोने के गहने गायब हैं।

पुलिस ने शिप्रा से फोन पर बात की। उसने मंदिर जाने की बात कबूल कर ली, लेकिन उसके बाद से अपना फोन बंद कर लिया। पुलिस को उस पर शक गहरा गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो फुटेज में करिश्मा कैद हो गई थी। पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी।

पूछताछ में पहले तो वह शिकायतकर्ता के घर जाने की बात से इन्कार करती रही, लेकिन फुटेज की बात कहने पर उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसके बाद पुलिस ने दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बहनों ने बताया कि सहेली के पास गहने देखकर उन्हें लालच आ गया था। लगातार उनके घर पर आने जाने से उन्हें इस बात की जानकारी थी कि वह अलमारी और घर का चाबी कहां रखती है। फिर दोनों बहनों ने घर में चोरी की साजिश रची और बहाने से शिकायतकर्ता को मंदिर ले जाने के बाद घर में चोरी को अंजाम दिया।

## – चुटकुले –

**पप्पू (गप्पू से)– यार आज के** युग में किसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता
गप्पू– ऐसा क्यों
पप्पू– मैं टीवी छोड़कर पानी पीने क्या गया,
इतने में गुंडे हीरोइन को उठाकर ले गए.......

.......................................

**पप्पू की छत टपक रखी थी,** ठीक डाइनिंग टेबल के ऊपर
पप्पू ने गप्पू से कहा– यार पता नहीं कबसे ये छत टपक रही है
गप्पू ने पूछा– तुझे कब पता चला कि तेरी छत टपक रही है?
पप्पू– जब कल रात को मेरा पैग 3 घंटे तक खत्म नहीं हुआ....

.......................................

**मिंटू शराब पीकर गाड़ी चला** रहा था
अचानक गाड़ी एक खम्बे से टकरा गई
पुलिस– बाहर निकल
मिंटू– माफ कर दो दरोगा जी
पुलिस– साले दारू पीकर गाड़ी चलाता है, मुंह खोल
मिंटू– अरे नहीं साहब, पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे...

.......................................

**पप्पू– मैं तीर्थ यात्रा पर जा** रहा हूं
सोच रहा हूं दारू छोड़ दूं
गप्पू– यह तो बहुत अच्छी बात है इसमें सोचने की क्या जरूरत
पप्पू– पर मेरे सारे दोस्त कमीने हैं
किसके पास छोड़ूं....

.......................................

**पति की हार्ट सर्जरी होने के** बाद पत्नी ने डॉक्टर से सवाल पूछा–
क्या इनके दिल में कोई दूसरी थी?
डॉक्टर भी बहुत पहुंचा हुआ था, बोला
उसी का तो बायपास किया है.....

.......................................

**पहला दोस्त (दूसरे दोस्त** से)– घरवाले कहते हैं कि लड़कियों से दूर रहा करो
अब उन्हें कौन बताए की लड़कियां, खुद मुझसे दूर रहती हैं......

.......................................

**लड़की– कितना प्यार करते** हो मुझसे?
लड़का– शाहजहां जितना
लड़की– तो ताजमहल बनवाओ
लड़का– जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं...

## पावन संसार परिवार की ओर से जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं


Shaurya Goyal
D-240, Prashant Vihar
22 May


Shobha Bhadoria
F-1202, Ispatika Apt, Sec-4, Dwarka
22 May


Bhushan Kumar Jain
C-1/5, Prashant Vihar
23 May


Rajiv Gupta
A-282, Sec-26 Rohini
23 May


Dinesh Aggarwal
FD-52, Pitampura, Delhi
25 May


Anil Gupta
TU-12, U.G.F., Pitampura
25 May


Anil Kr Singhal
D-145, Prashant Vihar
26 May


Krishan Gopal Garg
1, Agroha Kunj, Sec-13, Rohini
26 May


Rakesh Bansal
RP-5, Pitampura
26 May


Aditya Bansal
A-236, Prashant Vihar
27 May

फाटो उपलब्ध नहीं है।
Dharamvir Garg
18, Top Flr, Vasudha Enclave, Pitampura
27 May


Gopal Aggarwal
1000, Sec-A, Pkt-B, Vasant Kunj, Delhi
27 May

पावन संसार के आजीवन सदस्य/ सम्मानित सदस्य बनने के लिए सम्पर्क करें
9811288839, 9311288839

3D-SPACE interiors
We shape your dreams

Ar./ Er. Shiv Shankar Bansal
M.Plan, B.Arch., B-Tech (Civil), AMIE (India), A.I.I.A, (Registered Valuer)
DELDGIAJNPB6323P
INCOME TAX, CYBER FORENSIC LAB
Assistant Professor in C.C.L.S, Sampla
9891390186, 7701825341

- ARCHITECTS
- CONSTRUCTION
- STRUCTURE CONSULTANTS
- TURNKEY SOLUTIONS
- INTERIOR DESIGNERS
- PROJECT MANAGEMENT CONSULTANCY
- REGISTERED VALUER
- VASTU
- 3D-VISULISER

C-8/49, Sector-8, Rohini, Near Metro Pillar No.380, Delhi-85
011-47071494, 46063516, 9211963244 (O)
3dspaceinteriors17@gmail.com www.3dspaceinteriors.com

## प्रशांत विहार की अनन्या शर्मा ने 12वीं में हासिल किए 99.5% अंक


अनन्या शर्मा

प्रशांत विहार (सं.)। प्रशांत विहार, सी–2/15 निवासी विकास शर्मा एवं सोनिका शर्मा की सुपुत्री अनन्या शर्मा ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में **99.5% अंक** प्राप्त कर न सिर्फ अपने विद्यालय वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल, सैक्टर 13, रोहिणी का, बल्कि अपने परिवार व क्षेत्र का भी नाम गौरवांवित किया है।

अनन्या एक प्रतिभाशाली, मेहनती और समर्पित छात्रा रही हैं, जिन्होंने हर क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। उनकी अनुशासन–प्रियता, एकाग्रता और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें दूसरों से अलग बनाती है।

**पावन संसार** परिवार अनन्या शर्मा को इस अद्भुत उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करता है। साथ ही उनके माता–पिता एवं परिवार को भी इस गौरवपूर्ण क्षण पर हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

पंजाबी बाग, पश्चिम विहार, ,त्रीनगर, अशोक विहार, रोहिणी, पीतमपुरा हेतु चाहिए
मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, रिपोर्टर
पावन संसार
डी–4, सेफवे हाऊस, प्रथम मंजिल, डी–ब्लॉक, सैन्ट्रल मार्किट, प्रशांत विहार, दिल्ली–85
9311288839, 9811288839

## हिमांशी ने कक्षा 10वीं में 94.4% अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया


हिमांशी

नई दिल्ली (सं.)। प्रवेश कुमार जिंदल व सुषमा की पुत्री हिमांशी ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में 94.4% अंक प्राप्त कर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हिमांशी महाराजा अग्रसेन आर्दश पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा की मेधावी छात्रा है तथा वह 61, बादली एक्सटेंशन, दिल्ली की निवासी है।

हिमांशी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार, विद्यालय एवं समस्त क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, शिक्षकों तथा निरंतर कड़ी मेहनत को दिया।

# पावन संसार का पाठकों से अनुरोध– अपने 10वीं–12वीं पास बच्चों की जानकारी भेजें जिनके नंबर 75% से अधिक हैं, हम करेंगें निःशुल्क प्रकाशन

नई दिल्ली (सं.) पावन संसार समाचार पत्र ने हाल ही में अपने पाठकों से अपील की थी कि वे अपने उन बच्चों की जानकारी हमसे साझा करें, जिन्होंने कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा में 75% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस अनुरोध के तहत हमने पाठकों से आग्रह किया था कि वे अपने बच्चों की एक स्पष्ट फोटो, स्कूल का नाम, प्राप्त प्रतिशत और मार्कशीट की प्रति हमारे व्हाट्सएप नंबर पर भेजें।

हमारा उद्देश्य इन मेधावी छात्रों को पहचान दिलाना और उनकी उपलब्धियों को समाज के सामने लाना है। इस पहल के अंतर्गत हमें कई पाठकों द्वारा उनके बच्चों की जानकारी प्राप्त हुई है, जिन्हें हम **पावन संसार** के इस अंक में निःशुल्क प्रकाशित कर रहे हैं।

हम एक बार पुनः अपने सभी सम्मानित पाठकों से अनुरोध करते हैं कि यदि आपके बच्चे ने 10वीं या 12वीं में 75% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, तो कृपया उनकी फोटो, स्कूल का नाम, प्रतिशत और मार्कशीट की प्रति हमारे व्हाट्सएप नंबर **'931128839 (अविनाश गर्ग)'** पर भेजें।


आपके बच्चों की मेहनत को मंच देना हमारा सौभाग्य होगा


Nimisha Bansal
Class-12th
92%
The Srijan School Model Town


Ishika Singhal
Class-12th
95.8%
Lancers Convent School, Prashant Vihar


Avika Chauhan
Class-10th
92%
D.L DAV Model School, Pitampura


NAMAN JAIN
Class-10th
78.4%
KIIT World School Pitampura


Laisha Bakshi
Class-10th
86%
DL DAV Model School, Pitampura


Suhas Sareen
Class-10th
95%
Sachdeva Public School Rohini, Sec- 13


Vansh Gupta
Class-10th
80%
Maharaja Aggarsain Adarsh Public School


Kavita Toshniwal
Class-12th
93.2 %
Lancers Convent School Prashant Vihar


Tanish Goel
Class-12th
92.6%
Gitarattan Global School, Sec-7, Rohini


Haniya Mittal
Class-10th
94.6%
Maharaja Agarsain Pub. School, Ashok Vihar


Aarohi Agrawal
Class-10th
95.6%
The Heritage School Rohini

# दिल्ली सरकार बच्चों के लिए शुरू करने जा रही है नया कोर्स, डिजिटल डिटॉक्स भी किया गया शामिल



नई दिल्ली (सं.)। दिल्ली सरकार अपने स्कूलों में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए द साइंस ऑफ लिविंग यानी जीवन का विज्ञान नाम का एक कोर्स शुरू करने जा रही है। यह कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और जीवन कौशल विकसित करना है।

संभावना जताई जा रही है कि द साइंस ऑफ लिविंग कोर्स की शुरुआत इस वर्ष 15 अगस्त से हो जाएगी।

शिक्षा निदेशालय के एक अधिकारी के मुताबिक इस कोर्स के तहत विद्यार्थियों को योग, ध्यान और पंचकोष के जरिये आत्मचिंतन और मानसिक संतुलन का अभ्यास कराया जाएगा।

इसके साथ ही पंचतत्व यानी आग, जल, वायु, पृथ्वी और आकाश की भूमिका और संरक्षण के महत्व को भी सिखाया जाएगा।

**कोर्स में डिजिटल डिटॉक्स को भी किया गया शामिल** – डिजिटल युग की चुनौतियों को देखते हुए कोर्स में डिजिटल डिटॉक्स भी शामिल है। जिसके अंतर्गत छात्रों को स्क्रीन टाइम कम करना, साइबर क्राइम, कॉपीराइट उल्लंघन और ऑनलाइन बुलिंग से बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम का एक विशेष भाग सेंसिबल सिटीजन विद्यार्थियों में नागरिक जिम्मेदारियों और देशप्रेम की भावना को जाग्रत करेगा।

इसके तहत विद्यार्थी यमुना सफाई अभियान जैसे वास्तविक गतिविधियों में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगे।

**महीने में दो बार 15 दिन में होगा कोर्स का हर सेशन** – अध्यापन को रोचक बनाने के लिए कठपुतली नाटकों, भूमिकाओं की अदला–बदली, भारतीय डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग और शैक्षणिक भ्रमण जैसी विधियों का प्रयोग किया जाएगा।

पाठ्यक्रम का हर सत्र माह में दो बार, 15 दिन के अंतराल पर आयोजित होगा। इस एक घंटे की कक्षा में चर्चा, नृत्यात्मक गतिविधि, और ध्यान शामिल रहेगा।

छात्रों की प्रतिक्रिया के आधार पर इस कार्यक्रम में समय–समय पर और बेहतर बदलाव किया जाएगा।

# एनडीएमसी को अतिक्रमण हटाने और पानी की सप्लाई बेहतर करने का निर्देश, बड़े अधिकारियों की गैर मौजूदगी पर जताई नाराजगी



नई दिल्ली (सं.)। दल्ली वासियों के लिए मूलभूत सुविधाएं बेहतर करने को लेकर शुक्रवार को जिला प्रशासन ने समीक्षा बैठक की।

बैठक में नई दिल्ली नगर परिषद सहित कई विभागों को अतिक्रमण, पानी की सप्लाई, नाले की सफाई, भूमि आवंटन और अवैध पार्किंग जैसे मुद्दों पर ठोस कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

प्रशासन ने एनडीएमसी को आरके पुरम और महिपालपुर क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने और अगली बैठक में कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

**सीपीडब्ल्यूडी के साथ मिल एनडीएमसी सुधारेगा पानी की सप्लाई** – एनडीएमसी को लॅव्य के साथ समन्वय कर पानी की सप्लाई की समस्या सुलझाने और तिलक लेन के पास से कचरा हटाने के निर्देश दिया गया।

पार्कों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी एनडीएमसी को दी गई। मुनिरका सब स्टेशन के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के लिए डीडीए को बीएसईएस के साथ बात करने को कहा गया।

**सिंचाई विभाग को प्राथमिकता के आधार पर नाले साफ करने का निर्देश** – सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग सहित सभी संबंधित एजेंसियों को प्राथमिकता के आधार पर नाले साफ करने और अतिक्रमण तथा अवैध पार्किंग हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

पांडव नगर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के नीचे ड्रेन के निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं के समाधान के लिए डब्ब को रेलवे के साथ बात करने को कहा गया है।

**डीडीए को पंपिंग स्टेशन का लेआउट और नक्शा देगा डीजेबी** – वहीं, मसूदपुर एसटीपी से संबंधित मामले में डीडीए को पंपिंग स्टेशन का लेआउट और नक्शा शीघ्र डीजेबी को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।

समाज कल्याण विभाग को डीजीएचएस के साथ मिलकर लंबित यूडीआईडी कार्ड मामलों की मासिक समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

दिल्ली जल बोर्ड को जल टैंकर आपूर्ति की सूची एसडीएम को उपलब्ध कराने को कहा गया ताकि जल वितरण की निगरानी की जा सके।

**एमसीडी और पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंचे, जताई नाराजगी** – बैठक में एमसीडी और पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर असंतोष जताते हुए अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि भविष्य की बैठकों में सभी विभागों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

ग्राम सभा भूमि का सीमांकन एवं बाड़बंदी संबंधित एसडीएम के सहयोग से कराने का निर्णय लिया गया है।

# बंद घरों की दिन में रेकी कर रात में करता था सेंधमारी, आरोपी गिरफ्तार



नई दिल्ली (सं.)। समयपुर बादली थाना क्षेत्र में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बंद व सुनसान मकानों की दिन में रेकी करता था और फिर रात को सेंधमारी कर कीमती चीजों को चुरा लेता था।

पुलिस का कहना है कि आरोपित की गिरफ्तारी से समयपुर बादली क्षेत्र में हुई चोरी की तीन वारदात सुलझ गई हैं। पूर्व में आरोपित की चोरी, दुष्कर्म व शस्त्र अधिनियम आदि 14 आपराधिक मामलों में संलिप्तता सामने आई है।

उत्तर–पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि जिले की एंटी–स्नैचिंग, सेंधमारी एवं मोबाइल ट्रेसिंग सेल टीम ने खुफिया सूचना के बाद जहांगीरपुरी की सीडी पार्क की चूड़ी वाली गली से संदिग्ध को काबू किया।

उसकी पहचान अलाउद्दीन उर्फ शामू के तौर पर हुई। पूछताछ के दौरान आरोपित अलाउद्दीन उर्फ शामू ने समयपुर बादली में चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

आरोपित ने नकदी, आभूषण और इलेक्ट्रानिक गैजेट सहित कीमती सामान चोरी करना स्वीकार किया, जिसे बाद में उसने स्थानीय रिसीवर के माध्यम से निपटाया।

जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपित बंद घरों और सुनसान इलाकों को सक्रिय रूप से निशाना बनाता था। वह दिन में रेकी करता था और रात में अपराध को अंजाम देता था। उन्होंने बताया कि आरोपित के सहयोगियों की पहचान करने और चोरी की गई संपत्ति को बरामद करने के लिए आगे की जांच चल रही है।

अलाउद्दीन उर्फ शामू पहले चोरी, बलात्कार और आर्म्स एक्ट के 14 मामलों में शामिल था। अन्य मामलों में भी उसकी संभावित संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे प्रयास किए जा रहे हैं।

# दिल्ली में एनएचएआई को मिली सैद्धांतिक मंजूरी, यातायात सुधार होंगे तेज




नई दिल्ली (सं.)। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को अब दिल्ली में काम करने की केंद्र सरकार से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। दिल्ली सरकार ने फिलहाल चार सड़कों का रखरखाव उसे सौंपा है, जिनके पुनर्विकास की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की बैठक जल्द होने वाली है, जिसमें दिल्ली में एनएचएआई के कार्यों की रूपरेखा तय की जाएगी।

एनएचएआई अब उन मार्गों की पहचान कर रहा है जिन्हें अपने अधीन लेकर विकसित किया जा सके। साथ ही एम्स से महिपालपुर तक सिग्नल फ्री हाईवे बनाने की योजना भी विचाराधीन है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सड़कों के चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने, पार्किंग, फुटपाथ व सुविधाओं को लेकर सर्वे किया जा रहा है, ताकि दिल्ली की यातायात व्यवस्था को आधुनिक और सुविधाजनक बनाया जा सके।

पावन वचन

**नेत्र दान करें**

## सम्पादकीय

# भारत अब चुप नहीं बैठेगा: पाकिस्तान की साजिशों को जवाब मिल रहा है लौह नीति से



बी.के. अग्रवाल
संपादक

भारत और पाकिस्तान के संबंध वर्षों से तनाव और अविश्वास की बुनियाद पर टिके हैं। बंटवारे के समय से ही दोनों देशों के बीच चला आ रहा संघर्ष अब केवल सीमाओं का नहीं, बल्कि विचारधाराओं, नीतियों और राष्ट्रीय संप्रभुता का है। भारत जहां लोकतंत्र, विकास और स्थायित्व की ओर बढ़ता हुआ एक मजबूत राष्ट्र बन रहा है, वहीं पाकिस्तान अभी भी आतंक, कूटनीतिक चालबाजियों और आंतरिक अस्थिरता में उलझा हुआ है।

**'सिंदूर ऑपरेशन' अब भी जारी है** – भारत–पाकिस्तान के रिश्तों को कई बार सिंदूर ऑपरेशन की संज्ञा दी गई है – एक ऐसा संघर्ष जो पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ, बल्कि समय–समय पर अलग–अलग रूप में सामने आता है। चाहे 1948, 1965 या 1971 का युद्ध हो, या फिर 1999 का कारगिल संघर्ष हर बार पाकिस्तान ने भारत की सहनशीलता की परीक्षा लेने का प्रयास किया। लेकिन अब यह नीति काम नहीं आएगी।

आज पाकिस्तान आतंकवाद के माध्यम से भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है। जम्मू–कश्मीर में सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ, ड्रोन के जरिए हथियारों की आपूर्ति और सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथ फैलाने की साजिशें लगातार सामने आ रही हैं। लेकिन अब भारत की नीति स्पष्ट है पहले चेतावनी, फिर कार्रवाई।

**मोदी सरकार की निर्णायक रणनीति** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नेतृत्व में यह स्पष्ट किया है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देगा, बल्कि प्रत्युत्तर देगा वह भी अपने तरीके से। बालाकोट एयरस्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक इसके दो सशक्त उदाहरण हैं। इन कार्रवाइयों ने न केवल पाकिस्तान को स्तब्ध किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि भारत अब अपनी सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

मोदी सरकार की विदेश नीति भी अब केवल "नम्र कूटनीति" तक सीमित नहीं है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर अलग–थलग करने में सफलता प्राप्त की है। एफएटीएफ में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में बनाए रखना हो या संयुक्त राष्ट्र में उसकी निंदा कराना भारत की सक्रियता सराहनीय रही है।

**जलसंकट: अगला संघर्ष का मोर्चा** – पाकिस्तान सिंधु जल संधि का लाभ उठाकर भारत पर दबाव बनाने की पुरानी रणनीति अपनाता रहा है। लेकिन अब भारत ने यह निर्णय लिया है कि अपने जल संसाधनों का पूरा उपयोग किया जाएगा। जल शक्ति मंत्रालय की नीतियां और उत्तर भारत में नए डैम प्रोजेक्ट्स इसके प्रमाण हैं कि भारत अब "पानी को भी नीति" के रूप में देख रहा है। जल भी अब एक रणनीतिक संसाधन है।

**योगी आदित्यनाथ का सख्त संदेश** – उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पाकिस्तान को खुली चेतावनी दी है कि यदि वह कोई शरारत करता है, तो उसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। यह कोई राजनैतिक बयान मात्र नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवादी भावना का प्रकटीकरण है जो आज भारत के हर नागरिक में है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री का यह स्पष्ट रुख पाकिस्तान को यह संकेत देता है कि अब भारत का हर हिस्सा सजग है और तैयार है।

**भारत की जनता अब सजग और संगठित है** – आज भारत की जनता अपने नेतृत्व के साथ खड़ी है। वह जानती है कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी जैसे नेता देश की सुरक्षा, आत्मसम्मान और प्रगति से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे। अब न तो देश गुमराह होगा और न ही डरा हुआ रहेगा।

**निष्कर्ष: जवाब अब शब्दों से नहीं, कार्यों से दिया जाएगा**

पाकिस्तान को यह समझना होगा कि भारत अब 1947 या 1965 का भारत नहीं है। यह 21वीं सदी का भारत है डिजिटल, आत्मनिर्भर, परमाणु–सज्जित और वैश्विक स्तर पर सम्मानित। अब कोई भी साजिश, कोई भी आतंकी प्रयास या जल कूटनीति भारत को झुका नहीं सकती।

अगर पाकिस्तान फिर भी शरारत करेगा, तो उसे इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी।

paavansansar@gmail.com

# एलजी के अधिकारों को चुनौती देने वाले सात केस वापस लेगी दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली (सं.)।** दिल्ली सरकार ने आप शासनकाल के दौरान उपराज्यपाल (एलजी) के अधिकारों को चुनौती देने वाले सात मामले वापस लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इनमें यमुना सफाई से जुड़ा मामला भी शामिल है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की ओर से दायर आवेदन को शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है।

दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि शीर्ष कोर्ट में लंबित सात मामलों को वापस लेने की मांग की गई है, जिनमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, यमुना सफाई और अधिनियमों व अध्यादेशों की वैधता के खिलाफ कई समितियों में उपराज्यपाल के अधिकार को चुनौती दी गई है।

भाटी ने कहा, इन मामलों के चलते अदालत को परेशान नहीं होना होगा। तत्कालीन आप सरकार की ओर से दायर मामले में शीर्ष अदालत ने जुलाई 2023 में एनजीटी के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें उपराज्यपाल को यमुना नदी के कायाकल्प से जुड़े मुद्दों से निपटने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति का प्रमुख बनाने के लिए कहा गया था।

# 45 लाख रुपये लेकर डंकी रूट से यूएस भेजा, पंजाब का एजेंट दिल्ली में आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**नई दिल्ली (सं.)।** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने 45 लाख रुपये लेकर एक यात्री को डंकी रूट से अमेरिका भेजने वाले एजेंट को गिरफ्तार किया है। एजेंट अपने सहयोगियों के साथ एक यात्री को दुबई, सर्बिया और रोमानिया के जरिये फ्रांस की यात्री की व्यवस्था करने में शामिल था। बाद में यात्री अन्य एजेंट की मदद से डंकी रूट के जरिये अमेरिका गया। पासपोर्ट में छेड़छाड़ के बाद पकड़े जाने पर उसे भारत निर्वासित कर दिया गया।

आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने 45 लाख रुपये लेकर एक यात्री को डंकी रूट से अमेरिका भेजने वाले एजेंट को गिरफ्तार किया है। एजेंट अपने सहयोगियों के साथ एक यात्री को दुबई, सर्बिया और रोमानिया के जरिये फ्रांस की यात्री की व्यवस्था करने में शामिल था। बाद में यात्री अन्य एजेंट की मदद से डंकी रूट के जरिये अमेरिका गया। पासपोर्ट में छेड़छाड़ के बाद पकड़े जाने पर उसे भारत निर्वासित कर दिया गया।

गिरफ्तार एजेंट की पहचान जालंधर के गांव बिली चाओ निवासी सरबजीत सिंह के रूप में हुई है। एयरपोर्ट की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि 1 मई की रात पृथ्वीपाल सिंह नाम का यात्री अमेरिका से आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। उसे अमेरिका से निर्वासित किया गया था। यात्रा दस्तावेज की जांच में पासपोर्ट से छेड़छाड़ की बात सामने आई। पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि वह आजीविका के लिए विदेश जाना चाहता था। इस क्रम में वह एजेंट अजीत पाल सिंह से मिला, जिसने 30 लाख में उसे अमेरिका में अवैध प्रवेश कराने का वादा किया। दिसंबर 2021 में अजीत ने सहयोगी संजीव के साथ उसकी दुबई यात्रा की व्यवस्था की, जहां एक महीना रहा। दोनों एजेंटों ने उसके लिए डंकी रूट से सर्बिया, रोमानिया होते हुए फ्रांस की यात्रा की व्यवस्था की। फ्रांस पहुंचने पर पैसों को लेकर एजेंटों से विवाद हो गया। वह 2–3 साल फ्रांस में ही रहा।

यहां उसकी मुलाकात एजेंट हरप्रीत सिंह से हुई, जिसने 15 लाख में कई देशों के जरिये अमेरिका में अवैध यात्रा की व्यवस्था का आश्वासन दिया। हरप्रीत ने सहयोगियों की मदद से नीदरलैंड, पनामा, निकारागुआ, ग्वाटेमाला सहित विभिन्न देशों के जरिये मैक्सिको पहुंचाया, जहां एजेंट के सहयोगी ने उसे जाली वीजा मुहैया करवाया, जिसे पासपोर्ट पर चिपका दिया।

बाद में उसी सहयोगी ने उसे डंकी रूट से अमेरिका में अवैध प्रवेश करवाया। अमेरिका पहुंचने पर यात्री ने एजेंट के कहने पर गोंद लगाकर नकली वीजा वाले पासपोर्ट के पन्ने के साथ छेड़छाड़ की। कुछ दिनों के बाद पृथ्वीपाल को अमेरिकी अधिकारियों ने पकड़ लिया। चार माह हिरासत में रखने के बाद भारत निर्वासित कर दिया गया।

**दो एजेंट पहले ही गिरफ्तार** – पुलिस ने यात्री की निशानदेही पर दो एजेंटों कपूरथला के बेगोवाल निवासी अजीत पाल और संजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इनके सहयोगी सरबजीत के मामले में शामिल होने की बात सामने आई। उसके बाद पुलिस ने सरबजीत के ठिकानों पर छापे मारे, लेकिन वह भाग गया।

पुलिस ने निगरानी बढ़ाई और 20 मई को जालंधर से गिरफ्तार कर लिया। उसने गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह 2–3 साल से एजेंट का काम कर रहा था। काम करने के दौरान एजेंट अजीत पाल सिंह और संजीव के संपर्क में आया। जल्दी पैसा कमाने के लिए साथ उनके साथ काम करने लगा। उसने बताया कि अजीत पाल और संजीव के साथ यात्री को फ्रांस भेजने में शामिल था।

# आठ महीने में दिल्ली के स्टेशनों पर भी अमृत भारत योजना जैसी सुविधाएं



**नई दिल्ली (सं.)।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के छोटे–बड़े स्टेशनों का रेलवे कायाकल्प कर रहा है। स्टेशनों पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 102 विकसित रेलवे स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया। अब एनसीआर के स्टेशनों की बारी है। अगले आठ महीने में दिल्ली के कई स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशनों जैसी सुविधाएं यात्रियों को मिलेंगी।

पिछले दिनों ही रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 स्टेशनों में तिलक ब्रिज स्टेशन को भी शुमार किया था। लिहाजा अब सफदरजंग रेलवे स्टेशन की तरह तिलक ब्रिज स्टेशन भी अपनी रौनक बिखेरेगा। उत्तर रेलवे की नई दिल्ली–हजरत निजामुद्दीन रेलवे लाइन पर यह स्टेशन स्थित है, जोकि दिल्ली के मध्य भाग में है। तिलक मार्ग और आईटीओ क्षेत्र के पास यह स्थित है। इस स्टेशन की खासियत यह भी है कि मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन के सबसे नजदीक है। इस स्टेशन के विकसित होने पर एनसीआर के क्षेत्र के गाजियाबाद जंक्शन, मेरठ सिटी जंक्शन, मुजफ्फरनगर, पानीपत जंक्शन, आगरा छावनी, मुरादाबाद, गुरुग्राम, रोहतक जंक्शन, भटिंडा जंक्शन, फरीदाबाद, मथुरा जंक्शन तक समेत अन्य कई स्टेशनों तक सफर कर सकेंगे। इसी तरह इस योजना में दिल्ली कैंट स्टेशन को भी शामिल किया गया है। जल्द ही इस स्टेशन का भी कायाकल्प किया जाएगा।

रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनने की योजना पूरी तरह से तैयार कर ली गई है। बिजवासन स्टेशन के निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। स्टेशन का यूटिलिटी सर्वे भी किया जा रहा है, ताकि काम में किसी तरह की तकनीकी दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। आनंद विहार, बिजवासन, नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन को फ्लाईओवर से जोड़ने के साथ ही एक मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनाया जाएगा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का रंग और रूप तो बदलेगा ही, साथ ही सुविधायुक्त सफर भी संभव होगा। साफ और बेहतर वेटिंग रूम, वेटिंग एरिया और रेस्ट रूम का निर्माण किया जाएगा। अलग से फूड कोर्ट तैयार होगा, जहां यात्रियों को खाने–पीने की सुविधा मिलेगी। आने–जाने के लिए अलग–अलग प्रवेश व निकास द्वार होंगे। सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। पर्याप्त पार्किंग सुविधा उपलब्ध होगी। मल्टी मॉडल टांसपोर्ट हब के रूप में इसे विकसित किया जाएगा, जहां से बस, टैक्सी, ऑटो और जिस राज्य में मेट्रो और एयरपोर्ट है वहां की कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा।

# एमसीडी की वन प्लस फाइव योजना: संपत्ति कर में बड़ी राहत, फिलहाल नहीं वसूला जाएगा यूजर चार्ज



**नई दिल्ली (सं.)।** एमसीडी ने वर्ष 2025–26 के लिए 'वन प्लस फाइव' नामक नई एकमुश्त संपत्ति कर माफी योजना शुरू की है। इसके तहत यदि करदाता चालू वर्ष (2025–26) और पिछले पांच वर्षों (2020–21 से 2024–25) की मूल संपत्ति कर राशि का भुगतान कर देते हैं, तो वर्ष 2020–21 से पहले का सभी बकाया, ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया जाएगा।

यह योजना 1 जून से 30 सितंबर 2025 तक लागू रहेगी और भुगतान केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। यदि कोई मामला अदालत में लंबित है, तो योजना का लाभ उठाने के लिए उसे वापस लेने की लिखित वचनबद्धता देनी होगी। भुगतान में कमी पाई गई तो 30: अतिरिक्त जुर्माना लगेगा।

इससे पहले एमसीडी ने 2022 में श्समृद्धि योजनाश चलाई थी, जिससे 1.23 लाख करदाताओं को राहत मिली थी और 380 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर संग्रह हुआ था।

**कर दायरे से बाहर हैं कई कॉलोनियां** – मार्च 2025 के सर्वे अनुसार, श्रेणी–ए कॉलोनियों के 40:, श्रेणी–सी के 58: और श्रेणी–एफ के 78: निवासी कर प्रणाली के दायरे में नहीं हैं या उनका डाटा मेल नहीं खाता है।

**यूजर चार्ज पर पुनर्विचार की मांग** – एमसीडी सदन में घरों से कूड़ा उठाने पर लगाए गए यूजर चार्ज को लेकर पुनर्विचार का प्रस्ताव पारित हुआ है। भाजपा पार्षदों ने इसे हाउस टैक्स से जोड़े जाने का विरोध करते हुए कहा कि इससे ईमानदार करदाताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कई ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियां पहले से 'जीरो वेस्ट' घोषित हैं, ऐसे में उन पर भी शुल्क लगाना अन्यायपूर्ण है।

अब मांग की गई है कि समिति की रिपोर्ट आने और नीति तय होने तक यूजर चार्ज की वसूली रोकी जाए और इसे हाउस टैक्स से अलग किया जाए।

# बदमाशों ने चाकू से ताबड़तोड़ वारकर नाबालिग की हत्या, जान बचाने के लिए गली में इधर-उधर भागता रहा किशोर

**नई दिल्ली (सं.)।** बुराड़ी इलाके के वेस्ट कमल विहार इलाके में गुरुवार दोपहर में दो बदमाशों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर 17 साल के किशोर की हत्या कर दी। किशोर जान बचाने के लिए गली में इधर–उधर भागता रहा। बदमाशों ने पीछा कर उस पर कई वार किए। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। मृतक की शिनाख्त 17 साल के अमन के रूप में हुई है।

अमन अपने परिजनों के साथ मुकुंदपुर जनता विहार में रहता था। परिवार में उसकी मां संजू देवी, पिता रविंद्र शर्मा, बुजुर्ग दादी और दो छोटे भाई हैं। अमन अलीपुर स्थित खाटू श्याम मंदिर में काम करता था। उसकी मां ने बताया कि बृहस्पतिवार को अमन बाइक से अलीपुर जाने के लिए निकला था। उसके साथ उसका दोस्त गोलू भी था। घटना के बाद गोलू भागते हुए उसके पास पहुंचा और बताया कि दो लड़कों ने अमन पर चाकू से हमला कर दिया है। वह तुरंत भागकर वेस्ट कमल विहार पहुंचीं। जहां अमन खून से लथपथ गली में पड़ा था। लोगों की मदद से उसे तुरंत बुराड़ी स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।

हालत नाजुक होने के चलते उसे बाड़ा हिंदूराव अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां अमन को मृत घोषित कर दिया गया। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि आपसी रंजिश की वजह से हत्या की आशंका है। सीसीटीवी की मदद से पुलिस हमलावरों की पहचान की कोशिश कर रही है।

**मां का आरोप– किसी ने नहीं बचाया**

मां का आरोप है कि बदमाश उसके बेटे की हत्या करने के इरादे से आए थे। घटना के दौरान वहां काफी लोग थे, लेकिन किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की। हालांकि, एक स्कूटी सवार शख्स के ईंट उठाकर बदमाशों पर फेंके। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर छानबीन की। क्राइम और फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच कर वहां से साक्ष्य हासिल किए।

# बवाना की मुनक नहर में डूबे चार किशोर, दो के शव बरामद

**नई दिल्ली (सं.)।** बवाना की मुनक नहर में बृहस्पतिवार सुबह नहाने गए दो भाइयों समेत चार किशोर डूब गए। गोताखोरों के तलाशी अभियान में आधे घंटे के बाद लोनी निवासी समद (13) व सुहैल (13) के शव बरामद कर लिए गए, जबकि लोनी के ही दो सगे भाइयों जावेद (18) और शावेज खान की तलाश की जा रही है। एक–दूसरे को बचाने के क्रम में सभी डूब गए।

पुलिस के अनुसार, समद के पिता अब्बास ने बताया कि वह कटेवरा स्थित गोशाला में काम करते हैं। सभी गोशाला में ही रहते हैं। बृहस्पतिवार सुबह समद अन्य लड़कों के साथ खेतों से मवेशियों के लिए चारा लाने गया था। गर्मी के कारण सभी नहर में नहाने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस दौरान एक नाबालिग डूबने लगा। उसे बचाने के क्रम में सभी गहरे पानी में चले गए। परिजनों ने करीब 12रू15 बजे पुलिस को हादसे की जानकारी दी। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि दोनों भाइयों का पता लगाने के लिए बोट क्लब व एनडीआरएफ की टीमें तलाशी अभियान चला रही हैं।

उधर, पीड़ित परिजनों का कहना है कि सूचना मिलने के बाद पुलिस व दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए, लेकिन गोताखोर व एनडीआरएफ के नहीं पहुंचने से तलाशी अभियान देर से शुरू हुआ। जावेद के पिता वकील ने आरोप लगाया कि हादसे के करीब डेढ़ घंटे बाद बोट क्लब के पांच गोताखोर मौके पर पहुंचे।

**तेज बहाव से तलाशी अभियान में हुई देरी** – बोट क्लब के प्रभारी हरीश ने बताया कि नहर में बहाव तेज होने के कारण तलाशी अभियान में देरी हुई। गोताखोरों ने पांच किमी तक खोज की, लेकिन दोनों भाइयों का कुछ पता नहीं चला। अब हैदरपुर वाटर प्लांट तक तलाशी अभियान चलाया जा सकता है।





सभी अखबारों में विज्ञापन छपवाने के लिए सम्पर्क करें

Matrimonial | Property / To-let | Education
Situation Vacant | Change of Name | Lost
Business | Public Notice | बेदखल सूचना

The Hindustan Times | नवभारत टाइम्स, हिन्दुस्तान
The Times of India | दैनिक जागरण, पंजाब केसरी
Indian Express | दैनिक भास्कर, संदेश, DLA
The Hindu | आज समाज, विराट वैभव
Statesman | राज एक्सप्रेस, जनसत्ता
Woman's Era | अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा
Tribune | गृहशोभा, गृहलक्ष्मी
Femina | सरिता, राजस्थान पत्रिका

PAAVAN ADVERTISER



D-4, Office No.3 & 4, Safeway House
1st Floor, Central Market, Prashant
Vihar, Rohini (Opp. PVR) Delhi-85
E-mail:- paavanad@yahoo.com
V.K. Aggarwal
9311288839,9811288839



कमाई कम या ज्यादा हो सकती है, लेकिन हर घर में रोटी का साइज एक ही है..!!



गणपत गोयल
सुप्रसिद्ध समाजसेवी
पंजाबी बाग


## जागरूक पाठकों के लिए

आप अपने आप–पास होने वाली घटनाओं की जानकारी, स्थानीय समस्याओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं, इसके लिए साप्ताहिक समाचार पत्र "पावन संसार" आपका स्वागत करता है। हमें लिख भेजें अपने विचार उन्हें आम और खास आदमी तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।


सम्पादक – वीरेन्द्र कुमार
फोन : 9311288839, 9811288839
ई–मेल : paavansansar@gmail.com
पता – पावन संसार : डी–4, फर्स्ट फ्लोर, ऑफिस नं. 4, सैन्ट्रल मार्किट, प्रशान्त विहार (रोहिणी), नजदिक पीवीआर सिनेमा, दिल्ली–110085

# व्यस्त डाक्टरों के पास न जाएं



प्रायः देखा गया है कि जिन डाक्टरों के पास भीड़ होती है उनके यहां भीड़ ही लगी रहती है और जिनके यहां भीड़ नहीं होती, वे मरीजों की प्रतीक्षा में बैठे रहते हैं। एक सर्वे के अनुसार यह तथ्य सामने आया है कि मरीज को ऐसे डाक्टरों के पास नहीं जाना चाहिए जो बहुत व्यस्त रहते हैं क्योंकि उनकी सलाह या कार्य मरीज के लिए काफी घातक हो सकते हैं।

पिछले दिनों ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड के सर्जनों की संस्था ने एक सर्वे किया जिनके अनुसार एक चौथाई से अधिक सर्जन अपने निर्धारित समय से अधिक कार्य करते हैं। सर्वे के अनुसार ज्यादा काम करने वालों की चिकित्सा का अनुभव व योग्यता उनके तनाव के सामने गौण हो सकते हैं और इस कारण उन्हें जल्दी सेवानिवृत्त होना पड़ता है।

सर्वे के अनुसार तीन चौथाई सर्जन अस्पताल प्रबंधन की मांग पर निर्धारित 35 घंटे प्रति सप्ताह के दुगुने समय तक कार्य करने को बाध्य होते हैं। ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन ने भी चेतावनी दी है कि इससे चिकित्सकों में तनाव बढ़ता है जो उनके मरीजों के लिए प्राण घातक हो सकता है।

रायल कालेज आफ सर्जन्स के अध्यक्ष के अनुसार चिकित्सकों पर काम का बढ़ता बोझ वाकई काफी चिंताजनक है। ज्यादातर चिकित्सक अपने क्षेत्रा में कुशल हैं किंतु अत्यधिक काम का बोझ ही उन्हें परेशान कर देता है जिससे संभव है वे कभी इलाज में कोताही बरतें या कोई ऐसी दवा लिख दें जो कारगर न हों।

**– अशोक गुप्त**

# बच्चों को बचाएं ग्रीष्म काल की बीमारियों से



**ग्री**ष्मकाल बच्चों के लिए ही नहीं, बड़ों के लिए भी कई बीमारियां लेकर आता है पर बच्चे अपनी कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के चलते इन बीमारियों की चपेट में अधिक आते हैं। ग्रीष्म काल की प्रमुख बाल बीमारियां हैं–समर डायरिया, सीजनल फीवर, चिकन पॉक्स, स्किन डिजीज, लू लगना आदि।

**समर डायरिया (ग्रीष्मकालीन आंत्राशोध)**

**कारण** :– दूषित पानी, दूषित भोजन के कारण यह शिकायत अधिक होती है परिणामस्वरूप डिहाइड्रेशन होता है जो किडनी पर भी बुरा प्रभाव डालता है। यह खतरनाक स्थिति होती है। थोड़ी सी असावधानी इस बीमारी की चपेट में ले लेती है। इससे शरीर में पानी एवं पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। यह समर डायरिया बैक्टीरियल, वाइरल एवं अमीबिक सभी तरह के इंफेक्शन से होता है।

**लक्षण** :– इसके पीड़ित को तेज बुखार हो सकता है। पेट में दर्द के साथ उल्टी की शिकायत हो सकती है। पानी की तरह अथवा आंव के साथ दस्त होते हैं। उल्टी व दस्त से शरीर में पानी की कमी हो जाती है जो बच्चे के लिए बहुत खतरनाक स्थिति है।

**बचाव** :– पीड़ित को ओ. आर. एस. अथवा नमक पानी का घोल पिलाएं। इससे उल्टियां बंद हो जाती हैं। शरीर में पानी की मात्रा बनी रहती है ताजा जूस अथवा रसीले फल खिलाएं। चिकित्सकीय परामर्श लेकर दवा दें।

**सावधानी** :– हमेशा स्वच्छ पानी उपयोग में लाएं। स्वच्छ व संतुलित ताजा भोजन लें। खाना हमेशा ढंक कर रखें। खुले हुए अथवा बासी भोजन का सेवन न करें।

**लू लगना**

**कारण** :– तेज गर्मी एवं धूप से बच्चों को लू की बीमारी लग जाती है। अचानक तेज धूप से ठण्डे तापमान में आने या ठण्डे तापमान से तेज धूप में जाने से लू की शिकायत होती है।

**बचाव** :– घर से बाहर निकलने से पहले बच्चे को एक–दो गिलास पानी अवश्य पिलाएं। धूप से ठण्डी जगह अथवा ठण्डी जगह से धूप में अचानक न जाएं। कुछ देर सामान्य तापमान में रहना चाहिए। तेज धूप से आने के बाद तत्काल ठण्डा पानी पीने न दें।

**स्किन डिसीज (त्वचा रोग)**

**कारण** :– गर्मी में दूसरी बड़ी समस्या तेज गर्मी के समय त्वचा को लेकर होती है। बदलते मौसम के कारण त्वचा संक्रमित हो जाती है। यह संक्रमण कपड़ों में छिपे बैक्टीरिया के कारण होता है।

**बचाव** :– मौसम के अनुकूल बाह्य त्वचा पर बेबी जेल, क्रीम, पाउडर, तेल का उपयोग करना चाहिए। माश्चराइजिंग क्रीम का भी बाहर निकलने से पूर्व उपयोग करना चाहिए। त्वचा पर लाल, काले धब्बे होने पर डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

**चिकनपॉक्स (छोटी माता)**

**कारण** :– बच्चों को ग्रीष्म में चिकन पॉक्स होने का खतरा बना रहता है। चिकन पॉक्स हुए किसी व्यक्ति के संक्रमण के कारण यह बीमारी बच्चों को होती है।

**बचाव** :– चिकन पॉक्स होने की स्थिति में बच्चों के स्कूल जाने पर रोक लगाएं। शरीर में लाल दाने दिखाई देने के 48 घंटे के अंदर डॉक्टर को दिखाएं। डॉक्टर बीमारी प्रकट होने के 48 घंटे के भीतर एंटी वायरल दवा इसे बढ़ने से रोक सकती है। चिकनपॉक्स की स्थिति में बच्चे को सादा खाना, रोटी, दाल, चावल दें। खाने में ज्यादा तेल, मसाले का उपयोग न करें।

**सीजनल फीवर (मौसमी ज्वर)**

**कारण** :– इस मौसम में सबसे ज्यादा सीजनल फीवर की समस्या होती है। माता–पिता सावधानी बरत कर बच्चे को इससे बचा सकते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने एवं प्रदूषित हवाओं से बच्चों में क्रांस इंफेक्शन बढ़ने लगता है। इससे नाक, कान व गले की शिकायत बच्चों की होती है जो ज्वर का रूप लेता है।

**बचाव** :– ऐसे ज्वर में सर्दी, खांसी भी साथ होती है। पीड़ित बच्चे को धुल, धुआं, मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती, बर्फ गोले से दूर रखना चाहिए। ठण्ड लग कर बुखार हो तो इस मौसम में ऊनी कपड़े नहीं पहनाने चाहिए।

**– सीतेश द्विवेदी**

# कब्ज से छुटकारा पाएं

प्राचीन चिकित्साविदों से लेकर आधुनिक चिकित्सा शास्त्रियों तक ने एक स्वर में इस तथ्य को स्वीकार किया है कि पेट मानव का भण्डारघर है और कब्ज रोगों की जड़। साधारण समझा जाने वाला यह मर्ज वाकई बहुत नुकसानदेह है।

कब्ज के कारण अल्सर, बवासीर, यकृतदोष, पेटदर्द, सिरदर्द, घबराहट, अजीर्ण आदि अनेक रोगों के होने की आशंका बढ़ जाती है। कब्ज की बीमारी में स्वाभाविक ढंग से मल साफ नहीं होता और इसका बुरा प्रभाव यकृत और आंतों पर सबसे पहले पड़ता है।

कब्ज इस बात की गवाही भी देता है कि पेट के अंदर किसी यंत्रा में गोलमाल हुआ है। समय से शौच न जाना, बेड टी पीना, मादक द्रव्य सेवन, आलस्य व शरीर में पाचक रसों की कमी भी कब्ज रोग को जन्म देती है। यदि हम अपने आहार विहार को प्रकृति के नियमानुसार संयमित कर लें तो इस रोग से निश्चित ही छुटकारा मिल सकता है। सिर्फ दवाओं के द्वारा इसे स्थायी रूप से दूर नहीं किया जा सकता। यहां प्रस्तुत हैं कुछ नुस्खे और सुझाव जिनसे इस रोग को जड़ से दूर किया जा सकता है।




– गरिष्ठ, बासी व बाजारू वस्तुओं का सेवन न करें। चाय, कॉफी, धूम्रपान व मादक वस्तुओं से भी परहेज करें।

– 'बेड–टी' की जगह 'बेड–वाटर' लेने की आदत डालें।

– नियमित व्यायाम, योगासन व सुबह कुछ देर टहलने की आदत डालें। सूर्योदय से पूर्व बिस्तर अवश्य छोड़ दें।

– 20 ग्राम त्रिफला रात को 250 ग्राम पानी में भिगोकर रख दें। सुबह शौच से पूर्व त्रिफला का निथरा हुआ पानी पी लें। कुछ ही दिनों में कब्ज दूर हो जाएगा।

– रात को सोने से पूर्व एक चम्मच शुद्ध शहद एक गिलास ताजे पानी के साथ मिलाकर नियमित रूप से पीजिए। कब्ज दूर हो जाएगा।

– प्रातः काल बिना कुछ खाए दस दाने काजू, 5 दाने मुनक्का के साथ खाने से भी कब्ज में लाभ होता है।

– रोज रात में हर्रे का बारीक चूर्ण एक चम्मच फांक कर एक गिलास कुनकुना पानी पीने से कब्ज दूर होकर पेट साफ रहता है।

– गाजर–मूली, शलजम, टमाटर, पालक की पत्तियां, चौलाई और बीट की पत्तियों के सलाद में नारियल की गिरी के छोटे–छोटे टुकड़े मिलाकर भोजन के साथ या उसके बाद खाने से पुराना कब्ज भी दूर हो जाता है।

– दो बड़े पके संतरों का रस प्रातः नाश्ते से भी पहले पिएं। सप्ताह भर में ही पुराना कब्ज भाग जाएगा।

– गर्मी के दिनों में सुबह–शाम इसबगोल की भूसी को मिश्री मिले जल में कुछ देर भिगो कर पीने से कब्ज दूर होता है।

– रोजाना प्रातः काल सर्वप्रथम दो सेब खाने से भी कब्ज दूर होता है, हाजमा दुरुस्त रहता है।

– पके टमाटर का रस या सूप प्रतिदिन रात्रि में एक–एक प्याला पीने से कब्ज रोग का नाश हो जाता है।

– एक गिलास ठंडे पानी के साथ नींबू का रस प्रातः काल पीने से कब्जियत में बहुत लाभ होता है।

– एक तोला नींबू का रस, एक तोला शक्कर और दस तोला पानी मिलाकर कम से कम एक माह तक प्रतिदिन रात्रि में सोने से पूर्व पीजिए। कब्ज को दूर कर देगा।

भोजन में मौसमी सब्जियों, साग, सलाद, दूध, दही, व दाल को प्राथमिकता दें। पेट ठीक रहेगा।



**आर.पी. चौहान**
**सह–संपादक**

# मट्ठे की उपयोगिता



ग्रामीण परिवारों में मट्ठे को सबसे उत्तम आहार माना जाता है। प्राचीन युग में इसे काल शेय, गोरस आदि नामों से भी पुकारा गया। यह कसैला खाट्टा तथा स्वादिष्ट होता है।

ताजे मट्ठे में सौंठ, पीपल तथा काली मिर्च मिलाकर पीने से कफ रोग दूर होते हैं।

ताजे मट्ठे को शरीर पर मालिश करने से त्वचा स्वच्छ तथा मुलायम होगी। खुजली जैसे रोग दूर होंगे। सिर के बालों को खट्ठे हुए मट्ठे से धोने पर बाल घने तथा चमकदार होंगे।

ताजा मट्ठा पीने से संग्रहणी रोग में लाभ होता है। ताजे मट्ठे में चावल और मिश्री मिलाकर एक सप्ताह तक सुबह–शाम खाने पर आधे सिर के दर्द में आराम होता है।

मट्ठा नियमित एक माह तक प्रातः सवेरे प्रयोग करने से कम नींद आने की शिकायत दूर होती है। इसमें सौंठ, सैंधा नमक मिलाकर पीने से वायु के रोगों में लाभ मिलता है।

ताजा मट्ठा यदि सात माह तक भोजन के साथ प्रयोग किया जाए तो बवासीर रोग में लाभ मिलता है। इसके नियमित प्रयोग से खून बहुत स्वच्छ होकर लाल होता है। आंखों के रोग भी दूर होते हैं।

**– राकेश गोयल**

**नोट– पावन संसार में स्वास्थ्य संबंधी बताए गये तरीकों को अपनाने से पहले किसी योग्य चिकित्सक/वैद्य की सलाह अवश्य लें। इनको उपयोग में लाने से किसी भी प्रकार की क्षति के लिए पावन संसार जिम्मेदार नहीं होगा।**
संपादक




# कोई भी संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती, शीर्ष अदालत का फैसला



**नई दिल्ली (सं.)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती।

यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की ओर से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था।

अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा।

याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के लिए कोई मातृत्व अवकाश या लाभ नहीं लिया है। महिला ने यह भी दावा किया कि वह अपनी दूसरी शादी के बाद ही सरकारी सेवा में आई है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता के.वी. मुथुकुमार ने कहा कि राज्य के निर्णय से उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि उसने पहले तमिलनाडु के मातृत्व लाभ प्रावधानों का लाभ नहीं उठाया था।

# जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, 12000 करोड़ रुपये की गड़बड़ी से जुड़ा मामला




**नई दिल्ली (सं.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और अन्य से संबंधित पीएमएलए मामले में तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई कथित तौर पर घर खरीदारों और निवेशकों के साथ लगभग 12000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी और डायवर्जन करने के आरोपों के बाद की गई है। यह तलाशी दिल्ली–एनसीआर और मुंबई में स्थित 15 परिसरों पर की जा रही है, जिसमें जेपी एसोसिएट्स और उसकी संबद्ध कंपनियां गौरसंस, गुलशन, महावीर और सुरक्षा रियल्टी शामिल हैं।

**नोएडा में तीन बिल्डर के ठिकानों पर ईडी का छापा** – प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को नोएडा में तीन बिल्डरों के ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी घर खरीदारों, निवेशकों से करीब 1200 करोड़ रुपये के गबन व फंड डायवर्सन को लेकर बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ईडी ने दिल्ली एनसीआर में 15 जगहों पर छापेमारी की है।

मुंबई में भी कुछ ठिकानों पर छापेमारी है। ईडी की टीमें जेपी, गौड़ गुलशन बिल्डर व सुरक्षा रियलिटी के ठिकाने व दस्तावेज खंगाल रही हैं। सेक्टर 128 में जेपी बिल्डर के मार्केटिंग ऑफिस पर एक टीम पहुंची हुई है। यहां पर दस्तावेज व कंप्यूटर खंगाले जा रहे हैं। मुख्य गेट को बंद कर दिया गया है। सिर्फ उन्हीं लोगों को आने जाने दिया जा रहा है जिनको टीम बुला रही है।अभी बरामदगी को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई सूचना नहीं दी गई है। जांच अगले कुछ दिन तक जारी रहेगी।

# पीएम मोदी की मौजूदगी में राइजिंग नॉर्थ–ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट शुरू, अंबानी–अदाणी का ये एलान

**नई दिल्ली (सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उदघाटन किया। कार्यक्रम में देश के कारोबारी जगत के दिग्गज मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी भी शामिल हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में भारत की शानदार सफलता के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा, ष्सबसे पहले मैं ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सलाम करता हूं। यह सफलता उनके दृढ़ संकल्प और हमारे सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी का शानदार प्रमाण है।

राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी समूह के चेयरपर्सन गौतम अदाणी ने कहा, ...पिछले एक दशक में, नॉर्थ–ईस्ट की पहाड़ियों और घाटियों में, भारत की विकास कहानी में एक नया अध्याय लिखा गया है। यह विविधता, लचीलापन और अप्रयुक्त क्षमता के इस्तेमाल की कहानी है। इस उत्थान के पीछे एक ऐसे नेता का विजन है जो सीमाओं को नहीं, केवल शुरुआत को पहचानता है। प्रधानमंत्री जी, जब आपने कहा कि एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट, तो आपने नॉर्थ–ईस्ट को जगाया।

**10 वर्षों में पूर्वोत्तर में 50000 करोड़ रुपये के निवेश करेंगे अदाणी** – अदाणी समूह ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों को बड़ा तोहफा दिया है। चेयरमैन गौतम अदानी ने पूर्वोत्तर राज्यों में अगले दस सालों में 50,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की। यह घोषणा उन्होंने नई दिल्ली में श्राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिटश्के दौरान की।




उन्होंने बताया कि अदाणी समूह के निवेश का मुख्य फोकस हरित ऊर्जा के साथ–साथ ष्स्मार्ट–मीटर, हाइड्रो, पंप स्टोरेज, पावर ट्रांसमिशन, सड़क और राजमार्ग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स पर होगा। साथ ही, कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों से क्षमता निर्माण को बढ़ाया जाएगा। गौतम अदानी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा लोगों में निवेश किया जाएगा। हम स्थानीय नौकरियों, स्थानीय उद्यमिता और सामुदायिक जुड़ाव को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने पूर्वोत्तर के लिए प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण की सराहना की।

# दिल्ली में हर दिन 1,100 टन प्लास्टिक कचरा, रोकने की मुहिम शुरू

## विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और उप-महापौर जय भगवान यादव ने युवाओं से जुड़ने को कहा डीटीयू से शुरू किया सार्वजनिक स्थानों को प्लास्टिक मुक्त करें जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली (सं.)।** दिल्ली में हर दिन 1,100 टन प्लास्टिक कचरा पैदा हो रहा है। इससे दिल्ली के पर्यावरण की सेहत बिगड़ रही है और निगम को इसका निस्तारण करने में मुश्किल हो रही है। प्लास्टिक कचरे को रोकने के लिए बुधवार को रोहिणी के दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सार्वजनिक स्थानों को प्लास्टिक मुक्त करें जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और उप-महापौर जय भगवान यादव ने युवाओं से इस मुहिम में शामिल होकर दिल्ली को स्वच्छ बनाने के लिए ठोस शुरुआत करने की अपील की।

दिल्ली से प्लास्टिक कचरा समाप्त करने के लिए एमसीडी ने पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, युवा मामले, खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के साथ जागरूकता अभियान शुरू किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया, दिल्ली रोज 11,000 टन कचरा पैदा करती है, जिसमें 1,100 टन प्लास्टिक होता है। उन्होंने एमसीडी की तारीफ करते हुए कहा, 858 टन प्लास्टिक को पुनर्चक्रण या ऊर्जा में बदलते हैं। उन्होंने युवाओं, दिल्लीवासियों, निवासी कल्याण समितियों और गैर-सरकारी संगठनों से इसमें साथ देने को कहा। यहां मेरा युवा भारत मंच भी लॉन्च किया गया, इससे युवाओं को जुड़ने की मुहिम शुरू की गई। डॉ रूबी माखिजा ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और इसके काम करने के तरीके बताए। उन्होंने स्टूडेंट बनाम प्लास्टिक टूलकिट की जानकारी दी। 100 डेज टू बीट प्लास्टिक नाम से एक शॉर्ट वीडियो स्टोरी दिखाकर युवाओं को प्लास्टिक कचरे को समाप्त करने की सामूहिक जिम्मेदारी बताई गई। एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त जितेन्द्र यादव, एलडी मेघवाल, रोहिणी व नरेला जोन के उपायुक्त भी मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्लास्टिक पुनर्चक्रित मेला, विकल्प दुकान, 'प्लास्टिक-मुक्त युवा योद्धा' टी-शर्ट बांटे गए। छात्रों ने प्लास्टिक कचरे को घटाने के लिए इसका उपयोग बंद करने की शपथ ली।

# दिल्ली एनसीआर में ग्रेप 1 लागू



**नई दिल्ली (सं.)।** राजधानी में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहला चरण बुधवार से प्रभावी रूप से लागू हो गया है। केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप-समिति की बैठक में वायु गुणवत्ता के पूर्वानुमान को देखते हुए यह फैसला लिया गया। सीएक्यूएम ने लोगों से सिटीजन चार्टर को भी अपनाने के लिए कहा है। आमतौर पर ग्रैप-1 तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता है। बुधवार को दिल्ली का एक्यूआई 213 दर्ज किया गया। ग्रैप-1 लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयले और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

समिति ने कहा, प्रदूषण में वृद्धि तेज हवा की गति के कारण लंबी दूरी तक धूल उड़ने से हुई है। पेट्रोल के पुराने और डीजल वाहनों (बीएस-III पेट्रोल और बीएस-IV डीजल) के संचालन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। साथ ही निर्माण और विध्वंस (सीएंडडी) गतिविधियों में धूल शमन उपायों और सीएंडडी कचरे के ठोस पर्यावरण प्रबंधन पर निर्देशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक के भूखंड आकार वाली ऐसी परियोजनाओं के संबंध में सीएंडडी गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो संबंधित के वेबपोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं।

डंप स्थलों से नगर पालिका को ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू), निर्माण और विध्वंस (सीएंडडी) अपशिष्ट और खतरनाक कचरे का नियमित उठाव सुनिश्चित करना होगा। कोई भी कचरा अवैध रूप से खुले क्षेत्रों में डंप नहीं किया जाएगा। वहीं, सड़कों पर समय-समय पर मशीन से सफाई और पानी का छिड़काव करना होगा। सीएंडडी सामग्री और अपशिष्ट को परिसर में उचित रूप से कवर किया जाएगा। वाहनों के लिए पीयूसी मानदंडों की कड़ी निगरानी करनी होगी। डीजल जनरेटर सेट का उपयोग बिजली आपूर्ति के नियमित स्रोत के रूप में नहीं किया जा सकता है।

**इन चीजों का रखें ध्यान** – वाहनों के इंजन को ठीक से ट्यून करके रखें।
–वाहनों के टायर का उचित दबाव बनाए रखें।–वाहनों का पीयूसी प्रमाणपत्र साथ रखें।
–लाल बत्ती पर इंजन बंद कर दें।
–प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हाइब्रिड वाहनों या ईवी को प्राथमिकता दें।
–खुले स्थानों पर कूड़ा-कचरा न फैलाएं व निस्तारित न करें।
–311 एप, ग्रीन दिल्ली एप, समीर एप समेत के माध्यम से वायु प्रदूषणकारी गतिविधियों की रिपोर्ट करें।
अधिक से अधिक पौधे लगाएं।
–त्योहारों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाएं व पटाखों से बचें।
–10-15 वर्ष पुराने डीजल व पेट्रोल वाहन न चलाएं।

# यमुना सफाई को लेकर गृह मंत्रालय की बड़ी बैठक, अमित शाह ने दिए समग्र दृष्टिकोण से काम करने के निर्देश




**नई दिल्ली (सं.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में यमुना की सफाई के साथ-साथ पीने के पानी और सीवेज व्यवस्था पर एक उच्चस्तरीय बैठक की। गृह मंत्री ने इस दौरान व्यापक दृष्टिकोण के साथ काम करने की जरूरत बताई और कहा कि आज दिल्ली में यमुना, पीने के पानी और ड्रेनेज को लेकर जो भी योजना बनाएं वह अगले 20 वर्षों को ध्यान में रखकर करें।

बैठक में गृह मंत्री शाह ने कहा, यमुना हमारे लिए सिर्फ एक नदी नहीं बल्कि आस्था का प्रतीक है। इसलिए इसकी स्वच्छता मोदी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के लिए एक मानक संचालन तंत्र (एसओपी) बनाए जिससे उनकी गुणवत्ता, रखरखाव और डिस्चार्ज मानदंड स्थापित किए जाएं। उन्होंने यह एसओपी अन्य सभी राज्यों के साथ साझा करने को भी कहा।

बैठक में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर शाह ने कहा कि यमुना की सफाई में दिल्ली जल बोर्ड की अहम भूमिका है, इसलिए, इसका सुदृढ़ीकरण बहुत आवश्यक है। गृह मंत्री ने दिल्ली जल बोर्ड में खाली पदों को तत्काल भरने को भी कहा। शाह ने नालों से गाद हटाने के लिए विश्व-स्तरीय तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया।

**आंधी-बारिश ने धोया प्रदूषण, एक्यूआई 119 दर्ज** – राजधानी में बुधवार रात को आई आंधी-बारिश ने लोगों को प्रदूषण से राहत दिलाई। गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 119 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी है। इसमें बुधवार की तुलना में 94 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि रविवार तक हवा मध्यम श्रेणी में ही बरकरार रहेगी। ऐसे में लोगों को प्रदूषित हवा से कुछ दिनों तक राहत मिलने की संभावना है।

सीपीसीबी के अनुसार, एनसीआर में गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 135 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में एक्यूआई सबसे कम दर्ज हुआ। यहां सूचकांक 71 रहा, जो संतोषजनक श्रेणी है। इसके अलावा नोएडा में 79 और ग्रेटर नोएडा में 74 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# आप की नई प्लानिंग: दिल्ली में हार के बाद संगठन में बड़े बदलाव... इन नेताओं को मिली जिम्मेदारी, UP पर खास फोकस



**नई दिल्ली (सं.)।** आम आदमी पार्टी ने कई राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए हैं। पार्टी ने नई जिम्मेदारियों की घोषणा करते हुए कई राज्यों के लिए प्रभारियों और सह-प्रभारियों की लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) और राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने इन नियुक्तियों की औपचारिक घोषणा की। दिलीप पांडे को पार्टी का ओवरसीज कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। जितेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश, राजेश गुप्ता को कर्नाटक, ऋतुराज गोविंद को हिमाचल प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस सूची के अनुसार, उत्तराखंड के प्रभारी महेन्द्र यादव बनाए गए हैं। केरल में शैली ओबेरॉय, महाराष्ट्र में प्रकाश जारवाल, राजस्थान में धीरेश टोकस, तेलंगाना में प्रियांका कक्कड़, तमिलनाडु में पंकज सिंह और लद्दाख में प्रभाकर गौर को प्रभारी बनाया गया है।

**आम आदमी पार्टी का यूपी पर खास फोकस** – 2027 में विधानसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने यूपी पर खास फोकस किया है। यूपी के लिए चार सीनियर नेताओं को सह प्रभारी बनाया गया है। दिलीप पांडे, विशेष रवि, अनिल झा और चंद्रेंद्र कुमार को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में विजय फुलारा और उत्तराखंड में घनेंद्र भारद्वाज को सह-प्रभारी बनाया गया है।

# गर्मी की छुट्टियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्वांचल तीर्थ व पर्यटन स्थलों के लिए चलेगी कई स्पेशल ट्रेनें

## फिल्मी तड़का

# धीमी पड़ती जा रही 'मिशन इम्पॉसिबल 8' की रफ्तार, अब राजकुमार राव से होगा टॉम क्रूज का मुकाबला




टॉम क्रूज की 'मिशन इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग' बॉक्स ऑफिस पर अपना एक हफ्ता पूरा कर चुकी है। शानदार शुरुआत के बाद फिल्म की रफ्तार कम हुई है। हालांकि, अभी भी फिल्म धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर फाइनल डेस्टिनेशन ब्लडलाइन और रेड 2 अब बॉक्स ऑफिस पर कछुए की रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं। जानते हैं गुरुवार के दिन क्या रहा इन फिल्मों का हाल।

**मिशन इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग** – 'मिशन इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग' ने बॉक्स ऑफिस पर अपना एक हफ्ता सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। हफ्ते भर में फिल्म ने 50 करोड़ से अधिक की कमाई की है। 17 करोड़ से भी ऊपर से अपनी शुरुआत करने वाली इस फिल्म ने गुरुवार को 4.74 करोड़ की कमाई की है। इससे पहले बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 4.75 करोड़ रहा था। इस तरह से छह दिनों में फिल्म की कमाई 54.49 करोड़ तक पहुंच चुकी है।

**अब राजकुमार राव की 'भूल चूक माफ' से होगी टक्कर** – एक हफ्ते में 54 करोड़ से ऊपर का कारोबार करने वाली 'मिशन इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग' का मुकाबला इस शुक्रवार से बॉलीवुड की फिल्म 'भूल चूक माफ' से होगा। 1 मई के बाद बॉलीवुड की कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई थी। ऐसे में अब तीन हफ्ते बाद राजकुमार राव एक कॉमेडी-फैमिली ड्रामा लेकर आ रहे हैं। पहले 9 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में टॉम क्रूज की टक्कर राजकुमार राव से देखने को मिल सकती है।

**फाइनल डेस्टिनेशन ब्लडलाइन** – बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड की एक और फिल्म 'फाइनल डेस्टिनेशन ब्लडलाइन' भी बनी हुई है। हालांकि, अब फिल्म की कमाई काफी धीमी पड़ गई है। गुरुवार को फिल्म ने सिर्फ 2.15 करोड़ का कारोबार किया। इससे पहले बुधवार को फिल्म की कमाई इससे भी कम 2.09 करोड़ ही रही थी। इस तरह से बॉक्स ऑफिस पर आठ दिनों बाद फिल्म का कुल कलेक्शन 32.29 करोड़ रहा है।

**रेड 2** – अजय देवगन की 'रेड 2' 22वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर कछुए की रफ्तार से आगे बढ़ रही है। गुरुवार को फिल्म ने 1.75 करोड़ का कारोबार किया। जबकि इससे पहले बुधवार को भी फिल्म का कलेक्शन इतना ही रहा था। अगर फिल्म की कुल कमाई की बात की जाए तो अब तक 'रेड 2' 156.85 करोड़ का कारोबार कर चुकी है।

# मूल फिल्म से तुलना करने में वक्त न गंवाएं, बच्चों के साथ छुट्टियों में ये फिल्म देख आएं



फिल्म 'लीलो एंड स्टिच' इसी नाम की डिज्नी की साल 2002 में आई एनीमेशन फिल्म की लाइव एक्शन रीबूट फिल्म है। ये कहानी एक अकेली बच्ची लीलो की है, जो स्टिच नामक एक कुत्ते-जैसे दिखने वाले परग्रही जीव को गोद ले लेती है। उसे यह पता ही नहीं होता कि स्टिच वास्तव में एक विनाशकारी शक्ति के रूप में जेनेटिक रूप से तैयार किया गया एलियन है, जिसे उसके ग्रह की सरकार पकड़ने की कोशिश कर रही है। लीलो एंड स्टिच' डिज्नी की एक बेहद लोकप्रिय फ्रेंचाइजी रही है। इसके किरदारों पर अलग अलग और अन्य किरदारों के साथ भी फिल्में व वेब सीरीज बनती रही हैं। स्टिच का किरदार बच्चों के बीच अपनी शैतानियों के चलते काफी लोकप्रिय रहा है और इसकी मर्चेंडाइज सबसे ज्यादा बिकने वाली मर्चेंडाइज में भी शामिल रही है।

**डिज्नी की एक और लाइव एक्शन फिल्म** – डिज्नी ने इधर बीते एक दशक में अपनी ही एनीमेशन फिल्मों को लाइव एक्शन फिल्म के रूप में बदलने की एक अजीब सी जिद पाल रखी है। ऐसा नहीं कि इस सीरीज की सारी फिल्में ही कमजोर रही हों या दर्शकों द्वारा बिल्कुल नकार दी गई हों। आखिर क्लासिक एनिमेटेड फिल्मों को लाइव एक्शन या सीजीआई से बनाने का कुछ तो गणित रहा ही होगा। साल 2017 में 'ब्यूटी एंड द बीस्ट' से शुरू हुआ ये सिलसिला साल 2019 में 'द लॉयन किंग', साल 2023 में 'लिटिल मरमेड' से होता हुआ अब इस साल 'लीलो एंड स्टिच' तक आ पहुंचा है। इनमें से 'द लॉयन किंग' पर हाथ आजमाना सबसे सफल रहा। लेकिन फिल्म 'लीलो एंड स्टिच' उतनी शानदार फिल्म नहीं बन पाई है।

**इमोशन्स से ज्यादा तकनीक पर जोर** – फिल्म 'लीलो एंड स्टिच' देखने में एक तकनीकी रूप से परफेक्ट फिल्म दिख सकती है। निर्देशक डीन फ्लेशर कैम्प ने इसमें भावनाएं भी कुछ कुछ वैसी ही रखने की कोशिश की हैं, जैसी कि 2002 की मूल एनिमेटेड फिल्म की थीं, लेकिन बातें और करामातें दर्शकों के दिलों को सीधे छू नहीं पाती हैं। फिल्म की सबसे कमजोर कड़ी है, स्टिच का नया कंप्यूटर ग्राफिक्स अवतार। मूल फिल्म में इसकी आत्मा नटखट है और फिर भी वह एक प्यारा सा, झबरीला सा प्राणी नजर आता है। एल्विस प्रेसले का फैन ये एलियन इस बार भी उथल पुथल तो बार बार मचाता है लेकिन दर्शकों का इन घटनाओं से वैसा जुड़ाव नहीं होता दिखता।

**माया कीलोहा ने जीत लिया दिल** – फिल्म की सबसे प्यारी बात जो है वह हैं लीलो की भूमिका निभा रहीं माया कीलोहा। अपने नाम के ही अनुरूप दिखने में वह सुंदर और मासूम हैं लेकिन इस किरदार में जो गुस्सा, अकेलापन और अनूठा पागलपन रहा है, वही फिल्म की जान है। इस बार ये तीनों बातें दबी दबी दबी सी लगीं। जैसे कि लीलो शरारतें भी करेंगी तो अपनी बड़ी बहन नीना से पूछकर। शायद डिज्नी ने डीन को निर्देश दिया हो कि फिल्म के किरदारों को ज्यादा ओवरबोर्ड नहीं जाने देना है और इसी चक्कर में सब कुछ संतुलित करने का हिसाब लगाते लगाते कुछ ज्यादा ही संतुलित हो गया हो। फिल्म में मूल फिल्म के अलावा भी कुछ सीन डाले गए हैं। समंदर की लहरों पर सर्फिंग वाला सीक्वेंस और अच्छा हो सकता था लेकिन मामला वहां भी ज्यादा जमा नहीं।

**काश, बरकरार रह पाए डिज्नी का 'ओहाना'** – फिल्म 'लीलो एंड स्टिच' न तो ज्यादा यथार्थवादी होने की कोशिश करती है, न ही अपनी कल्पनाशीलता से भागती है। शायद इसी वजह से यह बाकी रीमेक्स की तुलना में ज्यादा समय टिकने वाली फिल्म है। हालांकि, बार बार बन रहे एनीमेशन से लाइव एक्शन के इन रीमेक्स को देखकर ऐसा भी महसूस होता है कि डिज्नी एनिमेशन की स्वतंत्रता और भावनाओं की अतिशयोक्ति को धीरे धीरे खो रहा है। सब कुछ रीयल दिखाने की होड़ में ये फिल्में सिनेमाई 'ओहाना' यानी कि परिवार, भाव, और पागलपन का संगम को समग्र रूप से दिखाने से चूक भी रही हैं। नाइजल ब्लक की सिनेमैटोग्राफी दर्शनीय है। एडम गर्स्टेल और फिलिप जे. बार्टेल के संपादन ने फिल्म को चुस्त रखा है। कुल 108 की ये मिनट इसी के चलते बच्चों के साथ वन टाइम वॉच वाली फिल्म बनने में सफल रहती है। फिल्म में अधिकतर गाने मूल फिल्म वाले ही हैं और इसीलिए नॉस्ताल्जिया भी जगाते हैं।

**लेखकों से प्रार्थना**

अपनी छोटी-छोटी रचनाएं **पावन संसार** में प्रकाशनार्थ भेजें। रचनाएं घर-परिवार एवं समाज की समस्याओं से संबंधित, धार्मिक, नैतिक, सहयोग, प्यार, सम्मान, आदि पर आधारित होनी चाहिए। बच्चों के लिए छोटी-छोटी रचनाएं हम सहर्ष प्रकाशित करेंगे। लेखक अपना नाम व मोबाईल अवश्य लिखें।
**संपादक**

RNI No. DELHIN/2011/40220. Postal No. G-3/DL(N)/267/2024-26. Date of Publication:- 22-05-2025

# महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं ट्रस्टी सम्मान समारोह 25 मई को

**पंजाबी बाग (अविनाश गर्ग)।** महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजीकृत), पंजाबी बाग, नई दिल्ली के वर्ष 2025–2028 सत्र हेतु नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण एवं ट्रस्टी सम्मान समारोह का आयोजन रविवार, 25 मई 2025 को सायं 6:30 बजे मैडोलियन (क्वात्रा टेंट), राजौरी गार्डन, नई दिल्ली में किया जाएगा।


मुख्य सलाहकार डा. सुशील गुप्ता


प्रधान डा. मीना सुभाष गुप्ता


महाराजा अग्रसेन हॉस्पीटल पंजाबी बाग

यह कार्यक्रम समाजसेवा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ट्रस्ट के लिए एक गौरवपूर्ण अवसर होगा, जिसमें दिल्ली व आस-पास के विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य अतिथियों, समाजसेवियों एवं ट्रस्ट से जुड़े सभी सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है।

**अध्यक्ष व मुख्य सलाहकार की शुभकामनाएँ–** **अध्यक्ष डॉ. मीना सुभाष गुप्ता** ने कहा कि "महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर निरंतर कार्य कर रहा है। ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाएं समाज के सभी वर्गों के लिए समर्पित हैं। यह समारोह हमारी प्रतिबद्धता को और भी प्रबल बनाएगा।"

**मुख्य सलाहकार डॉ. सुशील कुमार गुप्ता** ने कहा कि "ट्रस्ट ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जो आदर्श स्थापित किए हैं, वे निःस्वार्थ सेवा भावना, गुणवत्ता और पारदर्शिता पर आधारित हैं। हमें विश्वास है कि नवनिर्वाचित टीम संस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।"

**ट्रस्ट की विशेषताएं –** महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट वर्षों से दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में निःस्वार्थ चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ट्रस्ट का उद्देश्य अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। समर्पित डॉक्टरों, अनुभवी प्रबंधन और सतत सेवा भावना के चलते यह ट्रस्ट आज समाज की आशाओं का केन्द्र बन चुका है।

**मुख्य प्रेरक–** गंगा बिशन गुप्ता, **मुख्य सलाहकार** – डॉ. सुशील कुमार गुप्ता, **मुख्य संरक्षक–** एस.एन. गुप्ता, **अध्यक्ष–** डॉ. मीना सुभाष गुप्ता, **मुख्य मार्गदर्शक–** डॉ. रामकुमार गुप्ता (द्वारका), जयप्रकाश अग्रवाल (पंजाबी बाग), राजेश गुप्ता (बहादुरगढ़), **वरिष्ठ उपाध्यक्ष–** कुनाल बंसल, अशोक कुमार गर्ग, प्रेम गर्ग, सत्यपाल गुप्ता, **महामंत्री–** त्रिलोकी नाथ गोयल, दरवेश बंसल, संजय गुप्ता, **कोषाध्यक्ष–** विनोद बंसल, **पूर्व अध्यक्ष व सलाहकार बोर्ड सदस्य–** श्री कृष्णलाल बंसल, श्री टेकचन्द गुप्ता, श्री अशोक कुमार गुप्ता, **उपाध्यक्ष–** श्री सतपाल गर्ग (द्वारका), श्री हरस्वरूप गोयल (ट्रस्ट), श्री सन्तलाल गोयल (बहादुरगढ़), श्री श्रीनिवास गुप्ता (बहादुरगढ़), श्री हरिराम गर्ग (बहादुरगढ़), श्रीमती ऋतु गुप्ता (प्रा. चि. केन्द्र), **मंत्री–** श्री आनन्दप्रकाश गोयल, श्रीमती ऊषारानी सिंघल, श्री धर्मपाल जैन, श्री हंसराज गोयल, श्री अशोक गुप्ता सकरनी, श्री ओ. पी. गर्ग, श्री संजय गर्ग, श्री अशोक कुमार गुप्ता, **सह–कोषाध्यक्ष–** श्री सुरेश कुमार गुप्ता (द्वारका), श्री अशोक गुप्ता (बहादुरगढ़), श्री सत्यदेव गोयल (प्रा. चि. केन्द्र), **नियंत्रण मण्डल सदस्य–** श्री अनिल गुप्ता, डॉ. आई.सी. बंसल, श्री वकीलचंद सिंघल, श्री शंकरदास बंसल, श्री सुशील सिंगला, **विशेष आमंत्रित सदस्य–** श्री महावीर गोयल, श्री जितेन्द्र गुप्ता, श्री रमेश गुप्ता, श्री हनुमानदास गोयल, श्री सुभाष बिंदल, श्री सतीश अग्रवाल, **सलाहकार बोर्ड सदस्य–**श्री नवीन कुमार अग्रवाल, श्री अनिल कुमार गुप्ता, श्री अविनाश कुमार बंसल, श्री कृष्ण सिंगला, श्री गंगाराम गोयल, श्रीमती नीतू गर्ग, श्री प्रदीप कुमार भैया, श्री राजकुमार गोयल, श्री विजय कुमार बंसल, श्री श्रीनिवास गर्ग, श्री सज्जन कुमार गुप्ता, **संपर्क समारोह एवं स्मारिका समिति– संयोजक–** श्री जयप्रकाश अग्रवाल, **सह–संयोजक–** श्री विकास गुप्ता, श्री सतपाल गर्ग, श्री राजकुमार गर्ग, श्री मंगल गोयल, श्री मनोज बंसल, **सदस्य–** श्री महेन्द्र मित्तल, श्री अंकुर गुप्ता, श्री राजेश किठानिया, श्री सुनीत गोयल, श्री पवन बागड़ोदिया आदि सहित अन्य गणमान्य लोगों विशेष रूप से उपस्थित रहेगें।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी अतिथियों से विनम्र अनुरोध है कि कृपया सादर आमंत्रित भोज अवश्य ग्रहण करें।

यह समारोह न केवल एक औपचारिक आयोजन है, बल्कि ट्रस्ट की भावी योजनाओं और समाज के प्रति सेवा भाव के नए अध्याय की शुरुआत भी है।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता 31 मई को शालीमार बाग स्थित लॉयंस ब्लड बैंक में करेंगी नवीनतम जर्मन मशीन का उद्घाटन

**शालीमार बाग (सं.)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता आगामी 31 मई, शनिवार को सुबह 9 बजे शालीमार बाग स्थित लॉयंस ब्लड बैंक में एक अत्याधुनिक जर्मन मशीन का उद्घाटन करेंगी। यह मशीन विशेष रूप से डेंगू के मरीजों के लिए प्लेटलेट्स निकालने में सक्षम है और इसके आने से रोगियों को काफी राहत मिलेगी।


प्रधान-लॉयंस ब्लड बैंक श्री मुकेश गोयल


मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता

लॉयंस ब्लड बैंक के अध्यक्ष श्री मुकेश गोयल ने बताया कि यह मशीन उन्होंने जर्मनी से मंगवाई है, जो तकनीकी रूप से अत्यंत उन्नत है और डेंगू समेत अन्य रक्त संबंधी रोगों के मरीजों के इलाज में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।

इस नई पहल से न केवल ब्लड बैंक की सेवाओं में गुणवत्ता और दक्षता बढ़ेगी, बल्कि मरीजों को जीवन रक्षक प्लेटलेट्स समय पर और सुरक्षित रूप से उपलब्ध हो सकेंगी।

# जामिया नगर की खिजर बाबा कॉलोनी खाली कराने का आदेश, 5 जून तक का अल्टीमेटम, 30 से ज्यादा घरों पर कोर्ट के आदेश पर चस्पा हुए ध्वस्तीकरण नोटिस

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, दिल्ली प्रदेश की आवश्यक बैठक 24 मई को पीतमपुरा में होगी

**रोहिणी (अविनाश गर्ग)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, दिल्ली प्रदेश की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शनिवार, 24 मई 2025 को सायं 6 बजे किया गया है। यह बैठक रौनक बैंक्वेट, मैजेस्टिक मॉल, पीतमपुरा के पास आयोजित होगी।

बैठक की अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष नवीन गर्ग जी द्वारा की जाएगी। महामंत्री श्री मनीष बंसल जी ने सभी सदस्यों से समय पर पहुँचने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह बैठक संगठन के आगामी कार्यों और व्यापारी वर्ग से जुड़े अहम निर्णयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक में समय से पहुँचकर अपने सुझाव व सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि संगठन की गतिविधियों को और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

**बैठक स्थल का पताः** तीसरी मंज़िल, एसएसजी मैजेस्टिक मॉल, रोड नंबर 43, पीतमपुरा, नई दिल्ली – 110034

ENHANCERS ACADEMY
academyenhancers
ENHANCERS ACADEMY
CLASSES XI & XII
ACCOUNTANCY MATHS ECONOMICS
CLASSES I - VIII
ALL SUBJECT
CLASSES IX - X
MATHS SCIENCE
9599127878, 9868726527
BRANCH 1:- F-10 PRASHANT VIHAR
BRANCH 2:- QU 233 - C PITAMPURA

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवम सम्पादक : वीरेन्द्र कुमार द्वारा आर.डी प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए–41, सैक्टर–8, नोएडा, यू.पी.–201301 से मुद्रित तथा डी–4, प्रथम तल, सैफवे हाऊस, सेन्ट्रल मार्किट, प्रशान्त विहार, दिल्ली–85 से प्रकाशित। नोट : न्यायालय सम्बन्धित सभी मामले दिल्ली में ही निपटाये जाएंगे। और लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है।